Title Code :- RAJHIN27855

TDN THE DAYSPRING NEWS

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 | अंक:238 | मूल्य: 3 रू | पेज: 8 | जयपुर, रविवार/ 21 सितम्बर /2025 | जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

# विश्व की शांति और स्थिरता के लिए भारत का आत्मनिर्भर होना जरूरी : प्रधानमंत्री

## 'समुद्र से समृद्धि' सहित 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

एजेंसी। भावनगर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विश्व की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आत्मनिर्भरता को सबसे बड़ा मंत्र मानना होगा। प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल भावनगर का नहीं, बल्कि पूरे भारत की दिशा तय करने वाला है। मोदी ने कहा, "140 करोड़ देशवासियों का एक ही संकल्प होना चाहिए—चिप (सेमीकंडक्टर) हो या शिप (जहाज), हमें भारत में ही बनाने होंगे। आत्मनिर्भर होने के अलावा भारत के पास कोई विकल्प नहीं है। हम दूसरों पर आश्रित रहेंगे तो हमारा आत्मसम्मान भी चोटिल होगा। भावी पीढ़ियों के भविष्य को दांव पर नहीं लगाया जा सकता।" उन्होंने कहा कि आज भारत समुद्री क्षेत्र में भी नेक्स्ट जेनरेशन सुधारों की ओर बढ़ रहा है। सरकार ने बड़े जहाजों को आधारभूत संरचना का दर्जा देकर इस क्षेत्र को मजबूती देने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में भारत का कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। सच्चे अर्थों में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वह है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। यही हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है और हमें मिलकर इसे खत्म करना होगा। जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता, उतनी ही ज्यादा देश की विफलता। मोदी ने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भर भारत ही सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा, "सौ दुखों की एक ही दवाई है और वह है आत्मनिर्भर भारत।" प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भारत में सामर्थ्य की कभी कोई कमी नहीं रही, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा देश के सामर्थ्य को नजरअंदाज किया। आजादी के छह-सात दशक बाद भी भारत वह सफलता हासिल नहीं कर पाया जिसका वह हकदार था। कांग्रेस ने लंबे समय तक देश को लाइसेंस राज में उलझाए रखा और वैश्विक बाजारों से अलग-थलग रखा। जब वैश्वीकरण का दौर शुरू हुआ तो उसने केवल आयात पर भरोसा किया और उसमें भी हजारों करोड़ रुपये के घोटाले किए। इन नीतियों ने हमारे युवाओं को नुकसान पहुंचाया। मोदी ने कहा कि भारत सदियों से विश्व की एक बड़ी समुद्री ताकत रहा है। भारतीय तटीय राज्यों में बने जहाज दुनिया भर के व्यापार को गति देते थे। 50 साल पहले तक हमारा 40 प्रतिशत व्यापार भारतीय जहाजों पर होता था, लेकिन कांग्रेस की गलत नीतियों से भारत का जहाज निर्माण उद्योग ध्वस्त हो गया।

### चिप से शिप तक भारत में ही बनाने होंगे, कांग्रेस की नीतियों पर साधा निशाना

वर्तमान में भारत विदेशी शिपिंग कंपनियों को शिपिंग सेवाओं के किराए के रूप में लगभग 75 बिलियन डॉलर (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) का भुगतान करता है, जो भारत के रक्षा बजट के लगभग बराबर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक उसे पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनना होगा। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश के तौर पर हमारा कर्तव्य है कि हम न केवल अपने नागरिकों के भविष्य को सुरक्षित करें बल्कि विश्व की शांति और स्थिरता के लिए भी मजबूती से खड़े हों। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक आर्थिक रणनीति नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मसम्मान और वैश्विक दायित्व का भी हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जन्मदिन की 75वीं वर्षगांठ (17 सितंबर) पर देश-विदेश से मिली शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "देश और दुनिया से जो प्यार और आशीर्वाद मिला है, वह मेरी सबसे बड़ी संपत्ति है, मेरी ताकत है। मैं सार्वजनिक रूप से सभी महानुभावों का हृदय से धन्यवाद करता हूं।" मोदी ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती से गांधी जयंती तक पूरे देश में 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। गुजरात में भी रक्तदान शिविरों से लेकर बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन हो रहा है, जिनमें लाखों लोग भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी से नवरात्रि और आगामी त्योहारों में बाजारों में रौनक और अधिक होगी। उन्होंने कहा, "आज मैं भावनगर ऐसे समय में आया हूं जब नवरात्रि का पर्व शुरू होने वाला है।

## मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड ट्रेन का सपना जल्द होगा साकार

# हाईस्पीड ट्रेन की अन्य परियोजनाओं पर भी शुरू हो सकता है कामः वैष्णव

एजेंसी। मुंबई



मुंबई-अहमदाबाद के बीच चलने वाली हाईस्पीड ट्रेन का सपना तेजी से साकार होने की ओर है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का काम आखिरी चरण में है। खास बात यह है कि देश के इस पहले हाईस्पीड ट्रेन के अनुभवों से मिले आत्मविश्वास ने देश के विभिन्न हिस्सों में प्रस्तावित 6 अन्य हाईस्पीड ट्रेनों के लिए भी रास्ता तैयार कर दिया है। वैष्णव ने कहा कि अब हम इस स्थिति में पहुंच चुके हैं कि देश में हाईस्पीड ट्रेन की दूसरी परियोजनाओं का काम भी शुरू किया जा सकता है। रेलमंत्री वैष्णव ने शनिवार को मुंबई में अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड ट्रेन निर्माण कार्यों के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल परियोजना को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। मुंबई-ठाणे के बीच समुद्र के नीचे जो सुरंग बनाई जा रही है उसमे 8 किलोमीटर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा आज पूरा हुआ है। इस सुरंग में सफलता प्राप्त हुई है और यह इस पूरी परियोजना के लिए बहुत बड़ा पड़ाव साबित हुआ है। रेलमंत्री ने बताया कि एक दिन पहले जापान के विशेषज्ञों की एक टीम ने परियोजना का पूरा निरीक्षण किया और यहां हुई शानदार प्रगति को काफी सराहा। इस टीम ने खासतौर पर कार्यों की गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने बताया कि अबतक अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल परियोजना का लगभग 320 किलोमीटर का पुल का हिस्सा पूरा हो चुका है। सभी स्टेशनों पर तेजी से कार्य चल रहे हैं। नदियों पर बन रहे पुल भी तेजी से पूरे हो रहे हैं। साबरमती में जो अंतिम स्टेशन बन रहा है, वह लगभग तैयार हो चुका है रेलों के निर्माण में भी अच्छी प्रगति है। साल 2027 में पहली रेल आ जाएगी और उसी समय पहले खंड में लोगों को सवारी कराएंगे। पहला खंड सूरत से बिलिमोरा तक शुरू होगा। फिर बाकी खंड धीरे-धीरे खुलते जाएंगे। उनका कहना है कि महाराष्ट्र में जब तक पुरानी सरकार थी, तब तक उन्होंने अनुमति नहीं दी थी, जिसके कारण कई परियोजनाओं मे देरी हुई। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की सरकार की वजह से अनुमति न मिलने से परियोजना ढाई साल पीछे चली गई। इस ढाई साल में कितने रुपये का नुकसान हुआ, उसका आकलन चल रहा है। अब कार्य जोर-शोर से चल रहा है। पूरी कोशिश की जा रही है कि जल्दी से जल्दी कार्य पूरा हो। इस परियोजना के पूरा होने से मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड ट्रेन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का जो संकल्प है, वह पूरा होगा। इस मार्ग पर ठाणे, वापी, सूरत और आणंद जैसे बड़े-बड़े शहर आते हैं, इनकी अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक असर होगा। जैसे जापान में टोक्यो से ओसाका के बीच हाईस्पीड ट्रेन चलती है और रास्ते में नागोया, क्योटो जैसे बड़े शहर आते हैं, वहां की अर्थव्यवस्था विकसित हो गई। इसलिए मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड परियोजना से पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में बड़ा उछाल आएगा। रेल मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में हमारे पूरे तकनीकी दल ने आत्मनिर्भर भारत का शानदार उदाहरण पेश किया है। कई तकनीकें भारत में विकसित हुई हैं। खास बात यह है कि कई मशीनें और हिस्से अब यहां से विदेशों में निर्यात होने लगे हैं। जो हमारे लिए बहुत बड़ी बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाइट हाउस में भारत के दुश्मनों का जमघटः ट्रंप के दरबार में तुर्की भी लगाएगा हाजिरी



**वॉशिंगटन**। कुछ ही दिनों में अमेरिका के वाइट हाउस में हाई-प्रोफाइल दरबार लगने वाला है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस दरबार में भारत के दुश्मनों की महफिल सजने वाली है। भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया रखने वाले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन की डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होने वाली है। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्राध्यक्ष कम और व्यापारी ज्यादा नजर आ रहे हैं। उन्हें जहां और जिससे आर्थिक लाभ दिख रहा है, वे उनसे दोस्ती करने में संकोच नहीं कर रहे हैं। आतंकवादियों को पनाह देने के लिए दुनियाभर में कुख्यात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी वाइट हाउस में हाजिरी लगाने वाले हैं। पीएम शाहबाज के साथ आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी होंगे। दक्षिण एशिया के रीजनल सिक्योरिटी में ताबड़तोड़ बदलाव के बीच शाहबाज और मुनीर की ट्रंप से मुलाकात होनी है। आतंकवादियों के हितैषी का साथ देने वाले एर्दोगन की उपस्थिति इस पूरे मामले को और भी गंभीर बनाता है। ऐसे में भारत को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।

### सेना के जाल में फंसे 4 आतंकियों को सुरक्षा बलों ने घेरा, एक जवान शहीद



**जम्मू**। सुरक्षा बलों की बहादुरी और चौकसी के चलते आतंकी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुबह-सुबह आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना का कम से कम एक जवान शहीद हो गया। वहीं सुरक्षाबलों ने तीन से चार आतंकियों को घेर लिया है। इसके अलावा किश्तवाड़ में शुक्रवार शाम हुई मुठभेड़ में भी कम से कम तीन आतंकियों को घेर लिया गाय है। माना जा रहा है कि उधमपुर में फंसे आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से ताल्लुक रखते हैं। जम्मू आईजीपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि एसओजी, पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। वहीं किश्तवाड़ में भी सर्च ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को ही खुफिया एजेंसियों ने किश्तवाड़ में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी दी थी। कई घंटे तक तलाशी के बाद 8 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। जानकारी के मुताबिक उधमपुर के डुडू बसंतगढ़ में सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सेना के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और पुलिस ने मिलकर अभियान शुरू किया। इसके बाद आतंकियों ने भी गोलीबारी की। ऐसे में एक सेना का जवान जख्मी हो गया। सेना का कहना है कि किश्तवाड़ में अब भी रह-रहकर गोलीबारी हो रही है।

## बाबूलाल मरांडी ने एसीबी में सबूत नष्ट करने की साजिश का आरोप, मुख्यमंत्री से तत्काल कार्रवाई की मांग

**रांची**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से जुड़े एक गंभीर मामले के संबंध में सतर्क किया है। मरांडी का आरोप है कि एसीबी के महत्वपूर्ण कक्षों में ताले लगाए गए और रात के समय कई फाइलें व कंप्यूटर हार्डडिस्क निकालकर ले जाने की जानकारी मिली है, जो सबूत नष्ट करने की साजिश बुझती है। मरांडी ने बताया कि यह घटना एसीबी से जुड़ी संवेदनशील और महत्वपूण्ण मामलों के सबूतों को मिटाने से संबंधित हो सकती है। चूँकि मुख्यमंत्री स्वयं इस विभाग के मंत्री हैं, इसलिए उन्होंने सीएम से अपील की है कि मामले की तुरंत एफआईआर दर्ज कर पर्याप्त जाँच करवाई जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। मरांडी ने कहा, "इससे पहले भी ऐसी साजिशें चलती रहीं हैं जो लोगों को घेरने के लिए तैयार की गई शिकायतों और दस्तावेजों पर आधारित थीं। अब वही षड्यंत्रकारी लोग फिर सक्रिय हो रहे हैं।" उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गए उनके पुराने सोशल मीडिया संदेशों को देखकर भी सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय रहते जाँच-परताल और कार्रवाई नहीं की गई तो यह मामला और गंभीर रूप ले सकता है। मरांडी ने सरकार से आग्रह किया कि दोषियों को बेनकाब कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके। पार्टी ने कहा है कि वे घटना की निगरानी कर रहे हैं और आवश्यकतानुसार अगला कदम उठाएंगे। जाँच की प्रगति और शासन की प्रतिक्रिया पर अब राजनीतिक हलचल तेज होने की संभावना है।

# कुड़मी समाज का रेल टेका—डहर छेका आंदोलन सफल, सुदेश महतो ने अविलंब निर्णय की मांग की




**राँचीः** कुड़मी समाज का ऐतिहासिक आंदोलन "रेल टेका—डहर छेका" मुरी में जोरदार ढंग से आयोजित हुआ। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि कुड़मी समाज की मांग पूरी तरह जायज है और अब समय आ गया है कि राज्य और केंद्र सरकार इस पर तुरंत निर्णय लें। महतो ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुड़मी समाज पिछले 90 वर्षों से अपने साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय के खिलाफ लड़ रहा है। उन्होंने कहा, "इस समाज के धैर्य की अब और परीक्षा नहीं ली जानी चाहिए।" सुदेश महतो ने बताया कि कुड़मी समाज को 1931 में अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची से बाहर कर दिया गया था। तब से यह समाज अपने अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ता रहा है। उन्होंने कहा कि कुड़मी समाज की मांग है कि उन्हें एसटी सूची में पुनः शामिल किया जाए और कुड़मालि भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता मिले। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने वर्तमान झामुमो सरकार पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पहले शिबू सोरेन और 2019 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं इस मांग को स्वीकार किया और उस पर हस्ताक्षर भी किए थे, लेकिन आज सरकार अपने रुख से पीछे हट रही है। महतो ने बताया कि आजसू पार्टी ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर 16 संगठनों के साथ मिलकर केंद्र सरकार के समक्ष रखा है और गंभीर विचार-विमर्श के लिए प्रस्ताव भी सौंपा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर जल्द से जल्द समाधान निकालें ताकि समाज का आक्रोश शांत हो और ऐतिहासिक न्याय सुनिश्चित हो सके। सुदेश महतो ने दोहराया कि कुड़मी समाज की मांग तथ्य एवं ऐतिहासिक आधार पर पूरी तरह उचित है और सरकार को तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए।

## यूरोप के कई एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक के चलते हवाई सेवाएं हुईं बाधित

**लंदन**। यूरोप के कई बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक की वजह से हवाई सेवाओं में भारी व्यवधान देखने को मिला। लंदन, हीथ्रो, ब्रसेल्स समेत कई हवाई अड्डों पर उड़ानों के संचालन में देरी हुई। इससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार यह समस्या कॉलिन्स एयरोस्पेस नामक कंपनी की तकनीकी गड़बड़ी से उत्पन्न हुई है, जो कई एयरलाइंस के लिए चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम उपलब्ध कराती है। वहीं हीथ्रो एयरपोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने संदेश में कहा है, कि तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के प्रयास तेजी से जारी हैं। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा के लिए निकलने से पहले अपनी फ्लाइट की स्थिति एयरलाइन से अवश्य जांच लें। साथ ही लंबी दूरी की उड़ानों के लिए तीन घंटे पहले और घरेलू उड़ानों के लिए कम से कम दो घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने की सलाह दी गई है। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि चेक-इन क्षेत्रों में अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया गया है, ताकि यात्रियों को आवश्यक मदद मिल सके और असुविधा कम की जा सके। हीथ्रो एयरपोर्ट ने यात्रियों से हुई परेशानी के लिए खेद भी व्यक्त किया है। इस संबंध में विशेषज्ञों का मानना है कि हवाई अड्डों पर इस तरह के साइबर हमले भविष्य में हवाई यात्रा सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती साबित हो सकते हैं।

## राहुल गांधी ने वायनाड में दोहराया वोट चोरी का आरोप, जल्द खुलासे का दावा



**वायनाड**। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि उनके पास वोट चोरी के सबूत हैं, जिन्हें वे जल्द सार्वजनिक करेंगे। राहुल गांधी आज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ वायनाड में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी की स्मृति में बने सभागार के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस ने वोटर लिस्ट में धांधली के उदाहरण पेश किए थे, जिनमें महादेवपुरा और आलंद मे वोट जोड़ने और काटे जाने की बात थी। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6 हजार वोटरों के नाम गलत तरीके से काटने की कोशिश का मामला सीआईडी जांच के दायरे में है, जो सीईसी की भूमिका पर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा कि ओमान चांडी सत्ता में रहते हुए भी जनता से जुड़े और विनम्र रहे, जबकि आज कई राष्ट्रीय नेता सत्ता हासिल करते घमंड में आ जाते हैं।उन्होंने केरल की लोकतांत्रिक व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि पंचायतें यहां की राजनीति की नींव हैं और यह देश के लिए आदर्श उदाहरण है।

# कांग्रेस का मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रशिक्षण शिविर संपन्न




**रांची**। प्रेस क्लब, रांची में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता, जिला प्रवक्ता, सोशल मीडिया प्रभारी एवं संयोजकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी के. राजू, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, सांसद सह मीडिया पर्यवेक्षक सुखदेव भगत और विधायक दल नेता प्रदीप यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में नेताओं ने कहा कि संवाद व मीडिया की ताकत से कांग्रेस की विचारधारा को जनता तक पहुँचाना समय की जरूरत है। फेक प्रचार का मुकाबला कर पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों को मजबूती से रखना ही कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। शिविर का संचालन प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुजनी और धन्यवाद ज्ञापन सोशल मीडिया चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर सीरीबेला प्रसाद, राजेश कच्छप, राजेश ठाकुर, सुबोधकांत सहाय सहित अनेक वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रांची में दशहरा समारोह के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को आमंत्रण




**रांचीः** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज पंजाबी-हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी, मोरहाबादी एवं श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी 2 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान एवं अरगोड़ा में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि और परिवार सहित शामिल होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विजयादशमी उत्सव केवल धार्मिक या सांस्कृतिक परंपरा ही नहीं, बल्कि समाज में भाईचारे, समरसता और सकारात्मक वातावरण का प्रतीक भी है। उन्होंने आयोजकों को उत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पंजाबी-हिन्दू बिरादरी दशहरा कमेटी, मोरहाबादी के अध्यक्ष श्री सुधीर उग्गल, पूर्व अध्यक्ष श्री राजेश खन्ना, महासचिव श्री राजेश मेहरा, वरीय उपाध्यक्ष श्री रणदीप आनंद उपस्थित थे। वहीं, श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के अध्यक्ष श्री पंकज कुमार साहू, कोषाध्यक्ष श्री नरेंद्र प्रसाद साहू, वरीय उपाध्यक्ष श्री पंचानंद कुमार, श्री कंचन साहू एवं श्री रवि साहू भी मौजूद रहे। यह अवसर राज्य में सांस्कृतिक और सामाजिक सौहार्द को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## दिल्ली के 4 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली**। राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह फिर चार स्कूलों को बम उड़ाने की धमकी मिली है। जिससे स्कूलों में हड़कंप मचा हुआ है। इसे लेकर छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों में दहशत है। सुबह-सुबह स्कूल प्रशासन ने धमकी भरे ईमेल पढ़े तो आनन-फानन में पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस की टीमें बम निरोधक दस्ते के साथ स्कूल पहुंची और स्कूलों को खाली कराकर सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आज शनिवार सुबह डीपीएस द्वारका, कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय के अलावा अन्य दो स्कूलों को धमकी भरे ईमेल आए है। दिल्ली दमकल विभाग को नजफगढ़ के स्कूल से सुबह साढ़े 6 बजे पहली कॉल मिली थी।

## खरगे ने ट्रंप के एच-1बी वीजा फीस वृद्धि को बताया भारत के लिए झटका



**नई दिल्ली**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा पर वार्षिक एक लाख डॉलर (लगभग 90 लाख रुपये) की फीस लगाने के फैसले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नाराजगी जताई है। खरगे ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन के फोन के बाद मिले रिटर्न गिफ्ट्स से भारतीय बहुत दुखी हैं। उन्होंने इसे अबकी बार ट्रंप सरकार का जन्मदिन का तोहफा करार दिया। खरगे ने कहा कि एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर का वार्षिक शुल्क भारतीय तकनीकी कर्मचारियों को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा, क्योंकि 70 प्रतिशत से ज्यादा एच-1बी वीजा धारक भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत टैरिफ पहले ही लग चुका है, जिससे 10 क्षेत्रों में भारत को 2.17 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। इसके अलावा भारतीय आउटसोर्सिंग को निशाना बनाने वाला एचआईआरई अधिनियम, चाबहार बंदरगाह से छूट हटाना जो रणनीतिक हितों के लिए नुकसानदेह है तथा यूरोपीय संघ से भारतीय वस्तुओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आह्वान शामिल है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने 19 सितंबर को एक घोषणा जारी कर एच-1बी वीजा आवेदनों पर वार्षिक एक लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस लगाने का ऐलान किया है।

# ग्रामीण सेवा शिविर बने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ / गौरव कुमार मेडतवाल ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2025 में आमजन की वर्षों पुरानी समस्याओं का त्वरित समाधान कर शिविर को सार्थक एवं सफल बनाया गया।

रावतभाटा तहसील की बड़ोदिया ग्राम पंचायत के ग्राम अमरपुरा में शुक्रवार को आयोजित शिविर में अमरपुरा निवासी दलीचन्द पुत्र मगना को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाया गया। एक माह पूर्व प्रस्तुत आवेदन पर शुक्रवार को शिविर के दौरान PPO संख्या 16056583 जारी कर रू1250 की पेंशन स्वीकृत की गई। स्वीकृति आदेश मिलने पर लाभार्थी ने मुख्यमंत्री एवं प्रशासन का आभार जताया। इसी पंचायत के ग्राम कोटड़ा में खातेदार धनराज भील एवं लटूर भील के बीच भूमि विभाजन का मामला वर्षों से लंबित था। ग्रामीण सेवा शिविर में ही खाता विभाजन प्रस्ताव तैयार कर तहसीलदार रावतभाटा द्वारा मौके पर स्वीकृत किया गया। रिकॉर्ड में अमल दरामद होने से दोनों खातेदारों ने राहत महसूस की और सरकार की त्वरित कार्यवाही की सराहना की। उपखंड राशमी की ग्राम पंचायत पहुना में आयोजित शिविर में राजस्व रिकॉर्ड में नाम की त्रुटि से वंचित नारायणी देवी पुत्री दूबा जाति भील को PM किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। शिविर में नाम शुद्धि कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया गया।

**डूंगला उपखंड की ईडरा ग्राम पंचायत में** शिविर में लंबे समय से चल रहे परिवारिक भूमि विवाद का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया। देवरानी-जेठानी कविता और लाली अहीर के बीच शामलाती जमीन का विवाद पटवारी व




तहसीलदार की देखरेख में सुलझा। इसी तरह ग्रामीण उदय लाल एवं धनराज कुलमी के बीच भूमि विभाजन का मामला भी सहमति से हल हुआ।

**उपखंड बस्सी की ग्राम पंचायत घोसुण्डी में** आयोजित शिविर में अनुसूचित जनजाति वर्ग के डालु लाल भील को उनके पुश्तैनी मकान का पट्टा प्रदान किया गया। इसी पंचायत के ग्रामीण बंशीलाल पुत्र लक्ष्मण लाल भील और उनके भाई के बीच वर्षों से चल रहा भूमि विवाद मौके पर नपती कर सुलझाया गया। इसके साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा टी.बी. से पीड़ित बंशी लाल पुत्र भैरूलाल भील का निःशुल्क इलाज कर उन्हें स्वस्थ किया गया। पोषण किट वितरित कर स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित किया गया। इन शिविरों में राजस्व विभाग सहित चिकित्सा एवं अन्य विभागों की सक्रिय भागीदारी से अनेक ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान हुआ। ग्रामीणों ने सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल के लिए मुख्यमंत्री एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। भदेसर उपखंड के पीपलवास ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ग्रामवासी श्री विजय पुत्र चांदमल लडडा की बंद



पड़ी विद्युत मीटर की शिकायत का तत्काल समाधान करते हुए मीटर बदलकर चालू किया गया। इसी पंचायत के मोतीलाल पुत्र गेरू जाट (मुरलिया निवासी) को पाँच वर्षों से बंद पड़े निजी खातेदारी रास्ते को खुलवाकर राहत प्रदान की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से भावना गुर्जर (पीपली गुजरान) एवं नारू गाडरी (मुरलिया) को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत लाभ दिलाया गया, जिससे उनके बैंक खातों में रू6000 की राशि हस्तांतरित होगी। ग्राम पंचायत नाहरगढ़ के शिविर में राजूदास पुत्र बंशीदास एवं प्रहलाद पुत्र मथुरालाल गुर्जर को वर्षों से लंबित पुश्तैनी पट्टे जारी कर हाथों-हाथ प्रदान किए गए। वहीं दशरथ माली (नाहरगढ़) की पुत्रियों के जन्म प्रमाण पत्र शिविर में ही बनाकर सौंपे गए, जिससे उनकी शिक्षा में आ रही बाधा दूर हुई। राशमी उपखंड के पहुना में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग ने नाम शुद्धि का मामला निस्तारित कर नारायणी देवी पुत्री दूबा भील का रिकॉर्ड सही करवाया और उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाया। इसी पंचायत में निक्षय पोषण योजना अंतर्गत टी.बी. रोगी गोरीलाल भील को पोषण किट वितरित की गई, जिनका निःशुल्क उपचार कर उन्हें स्वस्थ किया गया। पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री मंगल बीमा योजना के तहत 18 पशुपालकों को बीमा पॉलिसी जारी की, जिनमें लाडदेवी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब पशुधन हानि की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। इसके अतिरिक्त शिविर में गलघोटू टीकाकरण, कृमिनाशक दवा पिलाने तथा निःशुल्क दवा वितरण की कार्यवाही भी की गई। राशमी उपखंड की सिंहाना ग्राम पंचायत आयोजित शिविर में पंचायत राज विभाग द्वारा आशा देवी हरिजन को आवासीय भूमि का पट्टा जारी किया गया। इसी पंचायत में वन विभाग ने हरियाली राजस्थान अभियान के अंतर्गत ग्राम चारागाह में 1000 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इन शिविरों में राजस्व, विद्युत, पंचायत राज, चिकित्सा, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास तथा वन विभाग की सक्रिय भागीदारी से दर्जनों ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हुआ। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। शिविरों में संबंधित क्षेत्र के उपखंड के अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार एवं ग्राम विकास अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

**शहरी सेवा शिविर अनवरत जारी – आमजन को मिल रहा है योजनाओं का लाभ –** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शहरी सेवा शिविरों के अंतर्गत नगर परिषद चित्तौड़गढ़ द्वारा चंदेरिया सर्वोदय सामुदायिक भवन में शनिवार को शिविर आयोजित किया गया, जिसमें आमजन को विभिन्न समस्याओं से राहत प्रदान की गई। नगर परिषद आयुक्त कृष्ण गोपाल ने बताया कि शिविरों में अवैध अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट, सफाई, सीवरेज तथा घर-घर कचरा निस्तारण जैसी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। साथ ही भवन निर्माण स्वीकृति, नामांतरण, उप-विभाजन एवं पुनर्गठन संबंधी प्रकरणों पर कार्यवाही कर प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। शिविर में वार्डवासी अपनी स्थानीय आवश्यकताओं जैसे सड़क मरम्मत, नालियों की सफाई व मरम्मत की मांग भी रखते हैं, जिन पर परिषद प्रशासन मौके पर ही कार्रवाई कर रहा है।

**दो दिन में मिला हस्तांतरण प्रमाण पत्र** चंदेरिया शिविर में आवेदक शांतिलाल शर्मा ने गुरुवार को अपने भूखंड का हस्तांतरण प्रमाण पत्र मांगा था। परिषद प्रशासन द्वारा तत्परता से कार्यवाही कर मात्र दो दिन में प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया।

**वर्षों से लंबित पट्टा संशोधन का निस्तारण** आवेदिका प्रेमदेवी पत्नी रूपलाल बंजारा को वर्ष 2012-13 में आवासीय पट्टा जारी किया गया था, जिसमें तकनीकी त्रुटि के कारण पति के स्थान पर पुत्री का नाम अंकित हो गया था। आवेदिका द्वारा लंबे समय से शुद्धि पत्र प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा था। शुक्रवार को शिविर में आवेदन करने पर परिषद प्रशासन ने मात्र एक दिन में शुद्धि पत्र जारी कर राहत प्रदान की।

**सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच** शहरी सेवा शिविर के दौरान नगर परिषद कार्यालय एवं चंदेरिया शिविर में कार्यरत सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया।

**अगला शिविर कुंभा नगर में** आयुक्त ने बताया कि आगामी शहरी सेवा शिविर वार्ड संख्या 12 से 21 के लिए कुंभा सामुदायिक भवन, कुंभा नगर में 23 और 24 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा।

# सेवा पर्व 2025 में शहर और ग्राम में पहुंचा विकसित भारत के रंग, कला के संग

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ ।** संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार),पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर,जिला प्रशासन ,चित्तौड़गढ़, पर्यटन विभाग,भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जोधपुर सर्कल चित्तौड़गढ़ फोर्ट,राजकीय संग्रहालय चित्तौड़गढ़ , हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ,संस्कार भारती ईकाई चित्तौड़गढ़ व चित्तौड़गढ़ आर्ट सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विकसित भारत के रंग कला के संग का कार्यक्रम आयोजित हुआ,माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव का आयोजन किया जा हैं, जिसमें देश के प्रसिद्ध 75 स्थानों पर सेवा पर्व का आयोजन होगा ,जिसमें चित्तौड़गढ़ दुर्ग प्रमुख हैं द्य कार्यक्रम के संयोजक डॉ.मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह से ÷विकसित भारत के रंग, कला के संग को एक विश्व कीर्तिमान बनाने की ओर से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक राष्ट्र को एकजुट आंदोलन - हर राज्य, हर जिला और हर गाँव को जोड़ा जा रहा हैं, जिला कलेक्टर आलोक



रंजन की पहल पर 2047 में विकसित भारत की एक अजेय यात्रा को लेकर कला पर्व में शहर के अलावा गांवों को भी जोड़ा गया , आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय पाछून्दा, में प्रधानाध्यापक चंद्र शेखर चतुर्वेदी के निर्देशन में बीस से अधिक विद्यार्थियों ने ,उच्च माध्यमिक विद्यालय सतपुड़ा में प्रधानाध्यापक विकास अग्रवाल के निर्देशन में बीस छात्र छात्राओं ने ने कला कार्य किया गया ,जिसमें राजकीय विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने विकसित भारत को अपने तूलिका से प्रकट किया इसके अलावा चित्तौड़गढ़ शहर के चारसों से अधिक विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें सैनिक स्कूल ,हिंद जिंक स्कूल,बिरला शिक्षा केंद्र ,श्री चैतन्य टेक्नो के विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया द्य गौरतबल है यह विशेष उत्सव माननीय प्रधानमंत्री ÷नरेंद्र मोदी÷ जी के 75वें जन्मदिन के ऐतिहासिक अवसर पर उनके दूरदर्शी नेतृत्व का सम्मान कर रहा हैं , जिसका मुख्य आयोजन दिनांक 22 सितंबर को राजकीय संग्रहालय फतहप्रकाश महल चित्तौड़गढ़ में होगा जिसके कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री चंद्रप्रकाश जी जोशी,जिला कलक्टर श्री आलोक रंजन जी रहेंगे राजकीय संग्रहालय फतहप्रकाश महल चित्तौड़गढ़ द्वारा विकसित भारत पर एक विशेष कला प्रदर्शनी संग्रहालय के गणेश हॉल में प्रदर्शित करेगा , मेवाड़ विश्वविद्यालय के कला विभाग की निदेशक डॉ. चित्रलेखा सिंह द्वारा राजस्थानी गीत से अतिथियों का स्वागत किया जाएगा ,गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में कई श्रेणी में चित्रकला प्रतियोगिता होनी है जिसमें स्कूली छात्र - छात्राओं, महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों व पेशेवर कलाकारों द्वारा ÷विकसित भारत ÷विषय पर कला कार्य करेंगे द्य इस कार्य हेतु आर्ट सोसायटी की पूरी टीम जुटी हुई हैं,पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के हेमंत मेहता ने बताया कि उक्त चयनित कलाकारों को पारितोषिक प्रदान किया जाएगा तथा केंद्र की तरफ से चित्रों की प्रदर्शनी की जाएगी ।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अयोजित

द डेस्प्रिंग

**सीकर।(विनोद धायल) ।** ग्राम हीरवास में शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर हीरवास पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विशेष अभियान लगाया गया जिसमें विशेषज्ञ डॉ. सुरेश चौधरी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सीएससी बाय एवं विशेषज्ञ डॉ.



सुभाष चंद्र वर्मा सीएचसी दांता ने सेवाएं दी। हीरवास सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी राम गोपाल ने बताया कि शिविर में 96 रोगियों का इलाज किया गई, जिसमें 44 लोगों की हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की जांच की गई। तीन टीबी के मरीजों को पोषण कीट वितरित किए गए। शिविर में हीरवास एएनएम सुनीता कुमारी एवं सरोज कंवर, संजू कुमारी आशा सहयोगिनी सेवाएं दी।

# जिले का पदभार ग्रहण के बाद एसपी ने पत्रकारों के साथ की बैठक

## त्योहारों, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता को लेकर की चर्चा


सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

सोनभद्र जिला मुख्यालय पर एसपी अभिषेक वर्मा ने समस्त पत्रकार बंधुओं के साथ आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध की रोकथाम, पशु तस्करी पर नियंत्रण तथा आम जन की शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से संबंधित विषयों पर पुलिस लाइन सभागार जनपद सोनभद्र में मीटिंग की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जनपद में पुलिस बल की प्रभावी तैनाती, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी तथा इंटेलिजेंस नेटवर्क को सक्रिय करने के लिए बोला गया। उन्होंने यह भी बताया कि आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए थाना स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी पुलिस अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया। महिला सुरक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि पिंक पेट्रोलिंग, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड को और अधिक सक्रिय किया गया है, जिससे



महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा सके।साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में साइबर सेल को सुदृढ़ करने एवं साइबर जागरूकता अभियान भी चलाने हेतु बताया गया, ताकि लोग ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहें। साथ ही, पशु तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अंतरजनपदीय सीमाओं पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की कि वे समाज में शांति, सौहार्द एवं जागरूकता फैलाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मीडिया और पुलिस मिलकर एक मजबूत सामाजिक तंत्र तैयार कर सकते हैं जिससे जनहित में बेहतर परिणाम मिल सकें।

# सर्व पितृ अमावस्या पर ओउमाश्रय सेवा धाम में पितृ यज्ञ पखवाड़े की पूर्णाहुति एवं वृद्ध सेवा सम्मान संकल्प कार्यक्रम



द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** निराश्रित जन सेवार्थ एवं संस्कारित पीढ़ी निर्माण के लिए समर्पित ओउमाश्रय सेवा धाम में चल रहे पितृ यज्ञ पखवाड़े की पूर्णाहुति एवं वृद्ध सेवा सम्मान संकल्प कार्यक्रम का आयोजन सर्व पितृ अमावस्या पर रविवार को होगा। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। ओउमाश्रय संस्थापक यशपाल यश ने बताया कि पिछले पंद्रह दिनों में लगभग 60 परिवारों के वयोवृद्ध, युवा एवं महिलाओं ने पितृ यज्ञ में आहुतियां दी हैं। परिवारों में बुजुर्गों के सेवा-सम्मान की गिरावट से उपजी सामाजिक अशांति को रोकने और पूजनीयों की गरिमा बनाए रखने हेतु विशेष वृद्ध सेवा संकल्प कराया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह यज्ञ और वृद्ध सम्मान संकल्प के बाद प्भुजनों को भोजन प्रसादी दी जाएगी।

## श्रद्धांजलि व सहभागिता

वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश धनखड़ की माताजी श्रीमती कोयल देवी (स्व. रामजीलाल पटेल की धर्मपत्नी)। स्व. रामदयाल जी (हिण्डोन निवासी, पूर्व सैकेंड




लेफ्टिनेंट)। मंगलम आनंदा निवासी तेज कौल की पुत्री श्रीमती सुवैनी (धर्मपत्नी सुधीर वांचू)। स्व. रामचंद्र शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती धर्मवती देवी (पुत्र वासुदेव शर्मा व श्रीमती विमला शर्मा)। ओउमाश्रय आश्रम सेवक प्रकाश प्रभुजी की माताजी श्रीमती रुक्मानी देवी (धर्मपत्नी स्व. चेलाराम नाचकानी)।

## अन्य गतिविधियां

टाइम्स ऑफ इंडिया मुंबई के पत्रकार साहिल टिकियानी ने आटा, तेल, नमक व बेसन भेंट कर सेवा दी। लालसोट निवासी डॉ. अविल जैन के परिवार की पौत्री ईवा जैन का जन्मदिन (21 सितम्बर) आश्रम परिवार ने मिलकर मनाया और प्भुजनों के भोजन प्रसादी में सहयोग दिया। रविवार के यज्ञ में भगवान दास गर्ग (बाड़ी) मुख्य यजमान रहे, संचालन में देवेश गोयल ने सहयोग किया

# माधव विश्वविद्यालय में विशेष सक्षम बच्चों की खेल प्रतियोगिता का समापन



द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के माधव विशेष विद्यालय में विशेष सक्षम बच्चों के लिए तीन दिवसीय वैदिक जागृति खेल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। यह प्रतियोगिता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरोही के तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लूडो, कैरम, पेंटिंग और गायन जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। पिंडवाड़ा ब्लॉक के दिव्यांग विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन फौजदार ने बताया कि इस तरह के आयोजन विशेष सक्षम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं। पिंडवाड़ा ब्लॉक के सीबीईओ गणपत लाल और राकेश पंचोली ने प्रभारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ महेंद्र सिंह परमार, होम्योपैथिक विभाग की निदेशक डॉ भारती देसाई, आइक्यूएसी निदेशक डॉ रुचि ठक्कर व प्रधानाध्यापक पवन फौजदार सहित विभिन्न संकाय सदस्य व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# लिखमाकाबास में AU Bano Champion ग्रामीण स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

द डेस्प्रिंग

**सीकर।** एम.एल.एम. स्कूल लिखमाकाबास खेल मैदान पर आयोजित AU Bano Champion ग्रामीण स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ दांता रामगढ़ बैंक मैनेजर द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। गौरतलब है कि प्रतियोगिता में लिखमाकाबास, नाडा चारणवास, घाटवा, अजीतगढ़, बनाथला, पचार, धीगपुर, माडेता और खाटूश्याम जी सहित विभिन्न गांवों से आए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।



अलग-अलग खेलों में टीमें अपना दमखम दिखाते हुए आगे बढ़ रही हैं। वहीं आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार दोपहर एम.एल.एम. स्कूल लिखमाकाबास खेल ग्राउंड में हुआ, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

# माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य समापन हुआ

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन शनिवार को हुआ। सम्मेलन का समापन मुख्य अतिथि श्री करण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के पूर्व निदेशक शोध डॉ. ए.के. गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सम्मेलन का मुख्य विषय बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण हेतु कृषि, मानविकी और संबद्ध विज्ञानों में वैज्ञानिक नवाचार रखा गया। सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ एके गुप्ता ने कहा कि यह सम्मेलन विद्यार्थियों को नए विचारों और शोध की दिशा में प्रेरित करता है। समारोह में सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय, जयपुर के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के प्रमुख डॉ. एल.एस. धायल ने




कहा कि नवीनीकरण पर आधारित शोध ने हमेशा से कृषि को नई दिशा दी है और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। वहीं सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय, जयपुर के संयुक्त निदेशक रामसिंह गौरा ने कहा कि भारतीय कृषि शिक्षा अब आत्मनिर्भर है और हमारे शोधों से पूरी दुनिया लाभान्वित हो रही है। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक अवसर है जिसने अकादमिक जगत, उद्योग और शोधकर्ताओं को एक साझा मंच पर लाकर वास्तविक समाधान खोजने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य हमेशा समाज और किसानों की भलाई के लिए शिक्षा और शोध को उपयोगी बनाना है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रम और अधिक व्यापक रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि नवाचार और ज्ञान सीधे किसानों और समाज तक पहुँच सके। वाइटल बायोटेक के निदेशक डॉ. जितेंद्र मेहता ने कहा कि ऐसे सम्मेलन केवल विचार-विमर्श का मंच नहीं होते, बल्कि यह शोध को व्यावहारिक रूप में किसानों तक पहुँचाने की दिशा में ठोस कदम साबित होते हैं। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गीतम सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है कि कृषि शिक्षा समाज की वास्तविक आवश्यकताओं से जुड़ी रहे। सम्मेलन के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रोफेसर, कर्मचारियो व छात्र-छात्राओं को यहां सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में एकेडमिक अधिष्ठाता डॉ महेंद्र सिंह परमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ मुकेश महावर व वरिष्ठ निदेशक डॉ संजीव सेठ सहित विभिन्न संकाय सदस्य व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# मंत्री किरोड़ी ने खेत में जाकर पकड़ा फर्जीवाड़ा? ग्वार बीज की जगह उग रही थी कपास; बोले- सरकार की फर्में भी इसमें शामिल

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी) ।** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने शनिवार को ग्वार बीज उत्पादन के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े का खुलासा किया। कंपनी की ओर से खेत में ग्वार बीज उगाने का दावा किया जा रहा था, मंत्री ने जाकर देखा तो नरमा (कपास) की फसल खड़ी मिली। मंत्री किरोड़ी हनुमानगढ़ दौरे पर थे।इस दौरान मंत्री ने कहा- किसान की फसल अगर 80 रुपए किलो है तो उसी फसल को बीज के नाम पर 800 रुपए किलो में किसानों को ही बेचा जा रहा है। सरकार की फर्में भी इस घोटाले में शामिल है। निजी कंपनियों को बीज उपलब्ध कराने के लिए सरकार भी 50 प्रतिशत सब्सिडी देती है। सरकार को डबल मार हो रही है।

## ग्वार बीज का दावा, खेत में उग रही थी कपास

स्थानीय किसानों से मिली जानकारी के आधार पर कृषि मंत्री गांव के खेत में पहुंचे थे। कंपनी ने खेत मालिक से यह कहकर जमीन ली थी कि यहां ग्वार बीज उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए कंपनी ने समझौता भी किया था, लेकिन जब किरोड़ी मौके पर पहुंचे, तो खेत में नरमा (कपास) की फसल थी। यह देख मंत्री भी हैरान रह गए। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने हनुमानगढ़ जंक्शन में निजी होटल में लोगों से संवाद भी किया।

## किसान के नाम पर बना फर्जी एग्रीमेंट

इधर, खेत मालिक रामस्वरूप का कहना है कि उसने ऐसा कोई समझौता नहीं किया। जिस किसान के नाम पर कंपनी ने एग्रीमेंट तैयार किया, वह व्यक्ति उस गांव में है ही नहीं। मंत्री ने इसे सीधा-सीधा फर्जीवाड़ा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक खेत की बात नहीं, बल्कि प्रदेशभर में बीज कंपनियों की मिलीभगत से किसानों के साथ धोखा हो रहा है।

## नकली बीज बनाकर बाजार में बेचती हैं कंपनियां

कृषि मंत्री ने बताया कि नियमानुसार बीज कंपनियों को खेत में फसल तैयार कर उससे बीज उत्पादन करना होता है, लेकिन कई कंपनियां बाजार से फसल खरीदती हैं और फिर उसे बीज बताकर बेचती है। इससे किसानों को नुकसान तो होता ही है, साथ ही खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े होते हैं।

# स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान मेगा शिविर

## शिविर में दो हजार से अधिक टीबी रोगियों को मिली पोषण किट, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव ।** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित टीबी क्लिनिक पर मेगा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आमजन को स्वास्थ्य सेवा प्रदान की गई साथ ही 2 हजार 244 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित की गई ताकि उन्हें उचित आहार और पोषण उपलब्ध हो सके और रोग से शीघ्र स्वस्थ होने में मदद मिले। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में विराट नगर विधायक श्री कुलदीप धनखड़ , जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत सहित जन प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक श्री धनखड़ ने कहा कि "टीबी उन्मूलन के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार प्रयासरत हैं। पोषण किट का उद्देश्य रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना है, ताकि वे शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान समाज में महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस अभियान की शुरूआत की है ।




### आह्वान किया कि हर परिवार में महिला स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि** निक्षय पोषण योजना केंद्र सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को ध्यान में रखकर शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत टीबी रोगी को उपचार अवधि के दौरान एक निश्चित राशि और पोषण किट उपलब्ध कराई जाती है। इससे रोगियों की पोषण संबंधी जरूरतें पूरी होती हैं और उनके उपचार की सफलता दर बढ़ती है। उन्होंने कहा कि आज 37 भामाशाहो ने उदारता दिखाते हुए 2 हजार 244 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट प्रदान की है उन्होंने कहा कि इस प्रकार की किट से उन्हें उपचार के साथ संतुलित आहार भी मिलेगा। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गौरव मीणा,जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गोविंद सिंह मीणा, डीपीसी प्रेम सैनी, शिवचरण कुशवाह, रेडक्रॉस के सचिव संजीव श्रीवास्तव,रामप्रसाद अग्रवाल,रोहिल सरीन,नरेंद्र तोमर, विमल भार्गव, डॉ अनिल बंसल,डॉ. निखिल अग्रवाल अन्य मौजूद रहे।




### 37 निक्षय मित्र बने , बांटी 2 हजार 244 पोषण किट

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि निक्षय मित्र योजना सरकार की एक प्रभावी पहल है, जिससे न केवल रोगियों को सहायता मिलती है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने सभी निक्षय मित्रों बने भामाशाहो का सम्मान कर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान शिविर में भामाशाह के रूप में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा 50 किट , रोटरी क्लब द्वारा 50, रेनू भार्गव इनरव्हील क्लब द्वारा 50 टीबी क्लिनिक 50 स्वयं सीएमएचओ डॉ.मीणा ने 30 किट, डॉ. गौरव मीणा ने 25 किट, दर्शन हॉस्पिटल, प्रयास सोनोग्राफी, पूर्वा सोनोग्राफी
श्रीराम नर्सिंग होम सहित 37 से अधिक भामाशाहों द्वारा लगभग 2 हजार 244 पोषण किट का वितरण किया

### शिविर मे विशेषज्ञों ने दी सेवाएं

डॉ.मीणा ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार स्वास्थ्य शिविर में न केवल महिलाओं की जांच हो रही है , बल्कि पूरा फोकस उसके निदान पर रहेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को सशक्त बनाना है। जिसमें विषेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी, दंत चिकित्सक, फिजिशियन और आयुष चिकित्सक सेवाएं प्रदान की गई। साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं एवं टीकाकरण तथा एनसीडी जैसे बीपी, शुगर, कैंसर स्क्रीनिंग, मां योजना, आंखों की जांच व उपचार की सेवाएं प्रदान की जा रही है।

# सरकारी सेवा चयन में द बोहराज़ ग्लोबल स्कूल की धमाकेदार

## शिवानी ने दोहरी उपलब्धि से क्षेत्र का मान बढ़ाया

द डेस्प्रिंग

**टोडाभीम/मनोज खंडेलवाल ।** क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल उस समय चरम पर पहुंच गया जब द बौहराज़ ग्लोबल स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा शिवानी, पुत्री रामस्वरूप निवासी अनंतपुर, टोडाभीम, ने सरकारी सेवाओं की दो प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सफलता अर्जित कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और विद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया। शिवानी ने पहले राजस्थान पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में चयनित होकर परिवार और विद्यालय को गौरवान्वित किया और इसके तुरंत बाद राजस्थान सचिवालय की लोअर डिवीजन क्लर्क (एलडीसी) परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर अपनी उपलब्धियों की सूची में दूसरा स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। शिवानी की इस दोहरी उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण अंचल की बेटियां किसी भी तरह से पीछे नहीं हैं और कठिन परिश्रम व मजबूत संकल्प के बल पर बड़ी से बड़ी बाधाओं को पार कर सकती हैं। इस ऐतिहासिक सफलता को यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में निदेशक विनय बौहरा और सह-निदेशक विकास बौहरा ने शिवानी को सम्मानित करते हुए कहा कि यह केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि विद्यालय, क्षेत्र और समस्त छात्र समुदाय के लिए प्रेरणा का ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शिवानी ने लगातार दो प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन पाकर यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासन, कठोर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति अटूट निष्ठा से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। इस अवसर पर शिवानी ने भावुक होकर अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रेरणादायक वातावरण, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन और परिवार के अटूट सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की सामूहिक मेहनत और शिक्षकों की निस्वार्थ सेवा का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता को ऐतिहासिक और मील का पत्थर बताते हुए कहा कि शिवानी की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक संदेश है। इससे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति नई जागरूकता बढ़ेगी और सरकारी सेवाओं में चयन की दिशा में नई ऊर्जा का संचार होगा। सम्मान समारोह में प्रिंसिपल ओ. राजेश, कोऑर्डिनेटर श्वेता नेगी, सभी विषय अध्यक्षगण, शिक्षकवृंद, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। उपस्थित जनों ने कहा कि ग्रामीण अंचल से निकलकर एक छात्रा का इस स्तर पर चयन होना समाज में सकारात्मक बदलाव और नारी सशक्तिकरण का सशक्त प्रतीक है। इस उपलब्धि के साथ ही द बौहराज़ ग्लोबल स्कूल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि सही मार्गदर्शन, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और निरंतर प्रोत्साहन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाकर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं।




# सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत युवाओं में जोश भरेंगी खेल प्रतियोगिताए

21 सितम्बर को नमो मैराथन, 22 व 24 सितम्बर को वॉलीबॉल व कबड्डी मुकाबले

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** राज्य सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिले में भी विभिन्न विभागों द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में युवा मामले एवं खेल विभाग की ओर से जिले में युवाओं को स्वास्थ्य और खेलों के प्रति जागरूक करने वाले कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं।

**जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि** युवाओं को फिटनेस और नशा मुक्त भारत की ओर प्रेरित करने के लिए नमो मैराथन का आयोजन रविवार, 21 सितम्बर को प्रातः 7 बजे किया जाएगा। यह दौड़ राजीव गांधी स्टेडियम से शुरू होकर परशुराम चौक, जिला कलक्ट्रेट, सिविल लाइन, जिला परिषद, करणी चौक होते हुए पुनः स्टेडियम पर समाप्त होगी।

### सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का रोमांच

युवा खेल प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 22 सितम्बर को वॉलीबॉल और 24 सितम्बर को कबड्डी मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। ये प्रतियोगिताएं प्रातः 7 बजे से राजीव गांधी स्टेडियम हनुमानगढ़ में होंगी।

### जिले का कोई भी प्रतिभागी ले सकता है भाग

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में जिले का कोई भी प्रतिभागी या टीम हिस्सा ले सकती है। इच्छुक प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल और स्वास्थ्य की दिशा में प्रेरित करना है। जिला खेल अधिकारी ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

# नो बैग डे पर गूंजा योग मंत्र

## जिलेभर के 100 से अधिक राजकीय विद्यालयों में 7500 विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी)** जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव के निर्देशन में शनिवार को जिले के विद्यालयों में "नो बैग डे" पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान आयुर्वेद विभाग के प्रशिक्षित योगाचार्यों ने विद्यार्थियों को विविध योगासन और प्राणायाम करवाए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मानसिक एकाग्रता बढ़ाने तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए जागरूक करना रहा। आयुर्वेद विभाग की इस पहल के तहत विद्यालयों में आयोजित योग सत्रों ने विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से जागरूक किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि योग केवल व्यायाम ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। योगाभ्यास से न केवल शरीर तंदुरुस्त रहता है बल्कि नशे जैसी प्रवृत्तियों से भी बचाव संभव है।

### आयुर्वेद और शिक्षा विभाग का संयुक्त प्रयास

उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ. तीर्थ कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के 49 आयुष्मान आरोग्य मंदिर औषधालयों में प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाता है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय स्तर पर भी विद्यार्थियों को योग के माध्यम से जीवन में अनुशासन और स्वास्थ्य का महत्व समझाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री पन्नालाल कडेला ने भी कहा कि प्रतिदिन योग करने से विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।



### प्राणायाम और आसनों से मिली ऊर्जा

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया, जो एकाग्रता और मानसिक शांति प्रदान करते हैं। इसके अलावा ताड़ासन, हलासन, चक्रासन, सूर्यनमस्कार और ग्रीवा संचालन जैसे आसनों से शरीर में लचीलापन आया और बच्चों में ऊर्जा का संचार हुआ। योग प्रशिक्षकों ने बच्चों को यह भी समझाया कि नियमित अभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और तनाव दूर होता है। कार्यक्रम में जिले के लगभग 100 विद्यालयों के करीब 7500 विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर यह संदेश दिया कि स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ी संपत्ति है। विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लेते हुए प्रतिदिन योग करने का वचन भी दिया।

### साल का आखिरी सूर्य ग्रहण कल, भारत में नहीं दिखेगा

सूतक काल मान्य नहीं होगा, सभी धार्मिक कार्य अपने समयानुसार होंगे

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** वैदिक पंचांग के अनुसार 21 सितंबर को साल का दूसरा और अंतिम सूर्य ग्रहण लगेगा। यह आंशिक ग्रहण होगा, जो भारत में नजर नहीं आएगा। भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल लागू नहीं होगा। ऐसे में सभी धार्मिक कार्य अपने समयानुसार होंगे।साल का आखिरी सूर्य ग्रहण कल, भारत में नहीं दिखेगासूतक काल मान्य नहीं होगा, सभी धार्मिक कार्य अपने समयानुसार होंगे

# कांग्रेस सेवादल के शिविर के दूसरे दिन अहिंसा परमों धर्म पर चर्चा हुई

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** शिविर के मुख्य अतिथि पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल , ध्वज वंदन के मुख्य अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष जिनेंद्र जैन,जय देव भीड़ासरा, मनीष मक्कासर, राजीव गांधी पंचायती राज के अध्यक्ष वारिस अली, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय गोंद, मुंडा सरपंच अमर सिंह सिहाग आदि रहे कांग्रेस सेवादल के संभाग प्रभारी विमल भाटी, जिला प्रभारी भीमराज जाखड़, विकास बुडानिया, सुरेन्द्र सिंह बीका, विजेंद्र मेव, विशिष्ट अतिथि थे कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे अश्विनी पारीक ने बताया कि सेवादल का दूसरा दिन श्रम दान, तथा योग से शुरू हुआ फिर ध्वज वंदन का आयोजन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद गोठवाल ने कहा सेवादल का मुख्य कार्य सेवाभाव से कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत करते हुए आम जन के कार्यों को करवाना भी है अगर कोई राशन कार्ड संबंधी परेशानी भी दूर करता है तो जनता में अपना स्थान आसानी से बना सकता है। ब्लॉक अध्यक्ष जिनेंद्र जैन ने सेवादल की भूमिका पर चर्चा करते हुए हनुमानगढ़ में सेवादल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला प्रभारी भीमराज जाखड़ ने सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया , इलेट्रॉनिक मीडिया एग्रीकल्चर , नोट बंदी, वित्त ,बेरोजगारी, अग्निवीर , प्रदूषण पर विस्तार से बताया कार्यक्रम में सेवादल उपाध्यक्ष अनिल तिवाड़ी महासचिव महेंद्र चतुर्वेदी, धर्मेंद्र बजाज, बंसी खन्ना, राजेंद्र गोदारा, यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष भादरा सुरेंद्र गोदारा, नोहर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र चबरबाल, संगरिया ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश भाट , हेत राम भाटी, बलवंत राम, रजीराम महला ,अनिल बिजारणियां, राजेंद्र कड़वासरा, चेत राम कूकना,इंद्रपाल सिंह, हरदत्त सिंह रिणवा,साहब राम सेन,राजेश बिजारणियां, जगदीश राय, विनोद गौड़, भंवर सिंह, सोहन सिंह, जगदीश प्रसाद, राजेश प्रकाश, कृष्ण स्वामी विनोद , शाहरुख रोड़ावली , राकेश चांवरिया,अनूप चौधरी, मोहन आदि शामिल हुए ।




# जीवन आश्रम के पास ध्वस्त हुई सड़क का किया निरीक्षण

### कार्य शुरू न होने पर दी आंदोलन की दी चेतावनी

### डीएम से अनुमति मिलने के बाद जल्द शुरू कर दिया जाएगा कार्य

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज नैनबाग -** त्यूणी मलेथा एनएच 707 ए में किलोमीटर 139 में गस्ती बैंड जीवन आश्रम के पास ध्वस्त हुई सड़क मार्ग अभी तक नहीं खुला है, जिससे कि जनता को भारी समस्याओं का सामना उठाना पड़ रहा है। यह मार्ग तीन जिलों और क्षेत्र के लगभग 100 गांवों को जोड़ता है। आज जिला पंचायत सदस्य सरतली जोत सिंह रावत, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता नवनीत पांडे और सहायक अभियंता ने त्यूणी मलेथा एनएच 707 ए में किलोमीटर 139 में गस्ती बैंड जीवन आश्रम के पास ध्वस्त हुई सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से वैकल्पिक मार्ग के लिए बैठक कर सुझाव लिया गया, जिसमें वैकल्पिक मार्ग के लिए सभी ने समर्थन करते हुए जल्द से जल्द मार्ग खोलने को कहा गया। **जिला पंचायत सदस्य जोत सिंह रावत ने कहा कि आपदा से क्षेत्र की कई सड़कें ध्वस्त हुई।** गस्ती बैंड जीवन आश्रम के पास सड़क वाशआउट होने से लोगों को भारी दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है। कई दिन बीत जाने के बावजूद भी ध्वस्त हुई सड़क का समाधन नहीं किया गया है, जिससे कि जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि यदि दो दिन के भीतर संबंधित विभाग वैकल्पिक मार्ग का कार्य शुरू नहीं करता है तो ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठकर उग्र आंदोलन करने के बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।



**अधिशासी अभियंता नवनीत पांडे ने बताया कि पहले वैकल्पिक अस्थाई निर्माण के लिए सहमति नहीं बन पाई थी,** जिसके बाद आज उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में वैकल्पिक मार्ग की सहमति बन गई है। डीएम को कार्य करने की अनुमति को लेकर पत्र प्रेषित कर दिया है। डीएम से अनुमति मिलने के बाद जल्द कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बीते मंगलवार को गस्ती बैंड का निरीक्षण किया था। डीएम ने ग्रामीणों की मांग पर एनएच-707 ए के बनने तक वैकल्पिक व्यवस्था के लिए एनएच, लोनिवि, राजस्व विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर सभी को विश्वास में लेते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल सजवाण, हुकम सिंह रावत, महिपाल सिंह राणा, सिकंदर सिंह रौतेला, सिकंदर सिंह राणा, कमल सिंह रावत, सुभाष बर्त्वाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट सेवा कार्य करने से मिलती है पदोन्नति

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गर्ग के सानिध्य में मयूरी सर्जिकल हॉस्पिटल जी टी रोड धौलपुर पर पुलिस सेवा में कार्यरत कांस्टेबल से उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर नरेश सिंह परमार थाना दिहोली का समाजसेवियों और अन्य गणमान्य प्रबुद्ध जनों ने साफा और फूलमाला पहना कर भव्य स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर राजस्थान लोक सेवा आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गर्ग ने कहा कि अच्छा कार्य करने एवं मानव सेवा में तत्पर रहने और गरीबों, असहायों को समय पर पुलिस सहायता उपलब्ध कराने से पुलिस विभाग में पदोन्नति मिलती है हमेशा पुलिस सेवा में रहते हुए पुलिस कर्मियों को दुःखी लोगो के लिए अति शीघ्र न्याय दिलाना चाहिए। स्वागत सम्मान करने वालो में पूर्व जिला महामंत्री भाजपा



रामकुमार गर्ग, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, पूर्व पार्षद विजय श्रीवास्तव, पंकज सिंह राणा, नरेन्द्र सिंह तोमर, धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, राजवीर सिंह त्यागी, अंकित त्यागी, प्रकाश यादव, विनोद सिंह तोमर, मुकेश गोयल,बृजेश कुशवाह, शिवम बघेला, सुभाष चंद्र, दिनेश कुमार शर्मा, सुभाष पचोरी, ओम प्रकाश कोली, पूर्व पार्षद महेश चन्द्र कोली, महावीर गर्ग सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### आरोप उछालने की राजनीति, वोट चोरी के गलत आरोप

राहुल गांधी एक बार फिर वोट चोरी के आरोप के साथ सामने आए। इस बार उन्होंने कर्नाटक के अलंद से वोट काटे जाने का आरोप लगाया और अपनी ओर से कुछ कथित प्रमाण भी पेश किए। उनकी मानें तो यहां से कांग्रेस के 6018 वोटरों के वोट काटे गए। उन्होंने यह भी समझाया कि कर्नाटक के बाहर के लोगों ने मोबाइल फोन के जरिये कांग्रेसी वोटरों के नाम हटा दिए। उन्होंने अपने जिन आरोपों को सौ प्रतिशत पुख्ता बताया, उन्हें चुनाव आयोग ने निराधार करार देते हुए कहा कि इस तरह मोबाइल से वोट नहीं हटाए जा सकते। आयोग ने यह तो माना कि अलंद में कुछ लोगों के वोट हटाने की कोशिश हुई थी, पर यह भी साफ किया कि इसके खिलाफ एक रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी और इस मामले की जांच अभी जारी है।

स्पष्ट है जब तक यह जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक राहुल के आरोपों को सच मान लेने का कोई कारण नहीं। नि:संदेह इस नतीजे पर भी नहीं पहुंचा जा सकता कि यदि कहीं किसी के नाम वोटर लिस्ट से अनुचित तरीके से हटा या जोड़ दिए गए तो ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त के इशारे पर किया गया।

देश में शायद ही कोई ऐसा चुनाव क्षेत्र हो, जहां मतदाता सूची में किसी तरह की गड़बड़ी न होती हो, लेकिन कम से कम राहुल को इतनी जानकारी होनी चाहिए कि इसके लिए स्थानीय नेताओं के साथ चुनाव कर्मचारी जिम्मेदार होते हैं, जो राज्य सरकारों के तहत काम करते हैं। राहुल गांधी कुछ समय पहले भी वोट चोरी के ऐसे ही एक और मामले को सामने लाए थे।

उसे उन्होंने एटम बम की संज्ञा दी थी। उनका दावा है कि वे वोट चोरी का ऐसा मामला रखेंगे, जो हाइड्रोजन बम सरीखा होगा और उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी अपना मुंह नहीं दिखा पाएंगे। साफ है वे यह सिद्ध करने की कोशिश में हैं कि भाजपा छल-कपट से चुनाव जीत रही है। वे यह समझाने की जल्दबाजी में भी हैं कि इस छल-कपट में चुनाव आयोग भी भाजपा का साथ दे रहा है। अच्छा हो कि वे यह समझें कि कोई सनसनीखेज बात कहने मात्र से वह गंभीर आरोप की शक्ल नहीं ले लेती। वोट चोरी को तूल दे रहे राहुल को ऐसी किसी सीट का उदाहरण देना चाहिए था, जहां भाजपा विधायक जीता होता। वे जिस अलंद सीट का हवाला दे रहे हैं, वहां तो 2023 में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी।

वह वोट चोरी के मामले को उछालकर सुर्खियां भले बटोर ले रहे हों, पर उनके इस दावे में दम नहीं दिखता कि वे लोकतंत्र बचाने का काम कर रहे हैं। यदि उन्हें सच में लोकतंत्र की परवाह है तो वे वोट चोरी के अपने कथित प्रमाणों के साथ अदालत क्यों नहीं जाते? वे नेता विपक्ष हैं। उन्हें सनसनी और भ्रम फैलाने वाली नहीं, बल्कि परिपक्व और जिम्मेदार राजनीति का परिचय देना चाहिए।

### सुविचार




# तकनीक बनी शासन की भाषा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह कर दिखाया, जो असंभव सा लगता था

**प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया है। मुंबई का एक रेहड़ी-पटरी वाला भी वही यूपीआइ पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है और बड़ी कंपनी का अधिकारी भी। यह बदलाव प्रधानमंत्री के मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।**



मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के जरिये गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक से ग्रामीण उद्योगों को लगातार बिजली मिली। इससे महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन घटा। इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ ढाई साल में हो गई। 2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफी थी। इससे नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी। इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मजबूत करता है। ई-धरा प्रणाली से जमीन के कागजात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। आनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी।

2014 में मोदी जी ने गुजरात का अनुभव और सीख दिल्ली तक पहुंचाया, लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था। उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक बना, जो दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई। जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से कर्ज तक पहुंचने का अवसर मिला। आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी।

अब तक 142 करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हो गया। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है।

पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन और भाग-दौड़ भरी थी। आधार-आधारित ई-केवाईसी से छोटे से छोटे लेन-देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं। यूपीआइ ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। सिर्फ अगस्त में ही 20 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही। सिंगापुर से लेकर फ्रांस तक कई देश यूपीआइ से जुड़े हैं। जी-20 ने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को समावेशी विकास के लिए जरूरी माना है।

जापान ने इसके लिए पेटेंट भी दिया है। जो शुरुआत में भारत का समाधान था, वही अब विश्व के लिए डिजिटल लोकतंत्र का माडल बन गया। आज भारत दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। पीएम मोदी के सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआइ ढांचे को अंतिम रूप दिया। आज यूपीआइ, वैश्विक स्तर पर वीजा से भी अधिक लेन-देन करता है। एक साधारण मोबाइल फोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर सब कुछ बन गया है।

'प्रगति' ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है। तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। किसानों को अब मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डाटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है। डिजीलाकर में 57 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के 967 करोड़ दस्तावेज डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आधार आर्थेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में जितना एक हालीवुड फिल्म पर भी नहीं लगता। चंद्रयान-3 ने भारत को चांद पर साफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया। गगनयान मिशन भारत को चौथा ऐसा देश बनाएगा जो अपनी स्वदेशी तकनीक से इंसानों को अंतरिक्ष में भेजेगा। जब कोविड-19 आया तो पूरी दुनिया वैक्सीन बांटने की अफरा-तफरी से जूझ रही थी। तब कोविन प्लेटफार्म रिकार्ड समय में बनाया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का एक संपूर्ण डिजिटल समाधान था।


प्रधानमंत्री की दृष्टि के तहत आज हमारी मजबूत इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन क्षमता हमें उन्नत सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग की ओर छलांग लगाने में मदद कर रही है। दुनिया के 20 प्रतिशत से ज़्यादा चिप डिज़ाइनर यहीं हैं। सेमीकंडक्टर उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस और विशेष सामग्री को भी समर्थन दिया जा रहा है। पीएम गति शक्ति पोर्टल जीआइएस तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करता है। इंडिया एआई मिशन के तहत 38,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध कराए गए हैं, वह भी वैश्विक लागत के एक-तिहाई दाम पर। इससे स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों को सिर्फ 67 रुपये प्रति घंटे की दर पर सिलिकान वैली जैसी सुविधाएं मिली हैं। तकनीक के प्रति पीएम मोदी की समझ भारत की अनूठी एआइ रेगुलेशन नीति में भी झलकती है। केवड़िया में 182 मीटर की स्टैच्यू आफ यूनिटी विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है। चिनाब पुल 359 मीटर ऊंचा है, जो कश्मीर को शेष भारत से जोड़ता है। आइजोल रेल लाइन कठिन पहाड़ी इलाकों से गुजरती है, जिसमें हिमालयन टनलिंग मेथड का प्रयोग किया गया है, जिसमें कई सुरंगें और पुल शामिल हैं। नया पंबन पुल सौ साल पुराने ढांचे की जगह आधुनिक इंजीनियरिंग से बनाया गया है। इंजीनियरिंग की ये अद्भुत कृतियां प्रधानमंत्री के उस सोच को दर्शाती हैं जिसमें तकनीक और दृढ़ संकल्प के सहारे भारत को जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी तकनीक को तो समझते ही हैं, लेकिन इंसानों को उससे भी बेहतर ढंग से समझते हैं। अंत्योदय का उनका सोच ही हर डिजिटल पहल को आगे बढ़ाता है। मोदी जी ने तकनीक को शासन की भाषा बना दिया है। उन्होंने साबित किया है कि जब नेता तकनीक को इंसानियत के साथ अपनाते हैं तो पूरा देश भविष्य की ओर बड़ी छलांग लगाता है।

# अडाणी को क्लीन चिट मिलने के बाद क्या अब हिंडनबर्ग और राहुल गांधी माफी मांगेंगे

जनवरी 2023 में अमेरिकी शॉर्ट-सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने भारतीय उद्योग जगत के सबसे बड़े नामों में शुमार अडाणी समूह पर गंभीर आरोप लगाए। आरोपों का स्वरूप इतना सनसनीखेज था कि देखते ही देखते शेयर बाज़ार में भूचाल आ गया। करोड़ों निवेशकों की मेहनत की कमाई रातों-रात डूब गई और भारत की वैश्विक आर्थिक साख पर प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिश हुई। यह केवल एक कॉर्पोरेट विवाद नहीं था, बल्कि भारत की औद्योगिक प्रगति को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश थी।

हम आपको याद दिला दें कि हिंडनबर्ग ने अपने तथाकथित रिसर्च रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मैनिपुलेशन और फर्जी अकाउंटिंग के आरोप लगाए। रिपोर्ट ऐसे समय में जारी की गई जब अडाणी एंटरप्राइजेज अपना 20,000 करोड़ रुपये का मेगा पब्लिक ऑफर लाने जा रही थी। इसका सीधा असर यह हुआ कि निवेशकों का विश्वास हिल गया और शेयरों में भारी गिरावट दर्ज हुई। चिंता की बात यह थी कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने भी इस रिपोर्ट को सच मानकर इतना दुष्प्रचार किया मानो पूरा अडाणी समूह भ्रष्टाचार और घोटालों का अड्डा हो। संसद से लेकर सड़क तक इस रिपोर्ट को हथियार बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश हुई। इस राजनीतिकरण ने विदेशी निवेशकों में भी भ्रम फैलाया और भारत के कॉर्पोरेट जगत की विश्वसनीयता पर आघात पहुँचा।

लेकिन लगभग दो साल की लंबी और



गहन जाँच के बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने साफ कह दिया है कि अडाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और आधारहीन थे। जाँच में पाया गया कि जिन वित्तीय लेन-देन को हिंडनबर्ग ने फर्जी बताया, वे सब कानूनी रूप से वैध ऋण और पुनर्भुगतान थे। न तो धन का गबन हुआ, न ही किसी अवैध पार्टी को फायदा पहुँचाया गया। यहाँ तक कि जाँच के दौरान लिए गए सभी ऋण ब्याज समेत वापस किए गए। सेबी ने अपने आदेश में यह भी कहा कि इन लेन-देन को रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन या फर्जीवाड़ा नहीं कहा जा सकता। यानी, आरोपों का कोई कानूनी या आर्थिक आधार ही नहीं था।



देखा जाये तो हिंडनबर्ग रिपोर्ट के चलते जो हुआ, वह किसी भी देश के उद्योग जगत के लिए चेतावनी है। अडाणी समूह के शेयरों में अचानक भारी गिरावट आई। छोटे-बड़े करोड़ों निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा।

यह नुकसान केवल अडाणी का नहीं था, बल्कि भारत के वित्तीय बाजार और निवेश माहौल का भी था। गौतम अडाणी ने स्वयं कहा कि इस विवाद से उन्हें सबसे अधिक दुख इस बात का है कि आम निवेशकों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यह कथन उनकी व्यक्तिगत पीड़ा को दर्शाता है और यह भी बताता है कि एक सुनियोजित झूठ कितनी बड़ी आर्थिक तबाही ला सकता है।

# पराली की कसक

विवाद रूप से पर्यावरण प्रदूषण देश के सामने एक बड़ा संकट है। लाखों लोगों के जीवन पर इससे संकट के बादल मंडराते हैं। शीत ऋतु की दस्तक के साथ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की काली छाया के बीच अक्सर इस संकट के मूल में निकटवर्ती राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं को जिम्मेदार बताने की कवायद हर साल होती है। इस बार भी पंजाब में धान की खरीद शुरू होने के बाद विभिन्न हितधारकों का ध्यान एक मौसमी समस्या पराली जलाने की ओर आकर्षित हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से उस कुप्रथा में लिप्त कुछ किसानों को गिरफ्तार करने के बारे में निर्णय लेने को कहा है, जिसे हर साल अक्तूबर-नवंबर में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण बताया जाता है। वैसे न्यायालय ने इस बात को स्वीकार किया है कि 'हमारे लिये किसान विशेष हैं और हम उनकी बदौलत ही भोजन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही अपनी खाद्य श्रृंखला को मजबूत कर रहे हैं।' लेकिन वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने राज्य से पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में कड़ा संदेश देने के लिये दंडात्मक प्रावधान लागू करने का भी आग्रह किया है। निर्विवाद रूप से देश में पंजाब और हरियाणा, जो कि खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी राज्य भी हैं, पराली जलाने से रोकने के लिये विगत में कभी-कभी किसानों को जेल में भी डालते रहे हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि यह कठोर कदम व्यावहारिक धरातल में एक प्रभावी निवारक साबित नहीं हो सका है। हमें इस बात की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि पिछले कुछ वर्षों में हुई गिरफ्तारियों और भारी जुर्माने ने इस क्षेत्र के कृषक समुदाय के गुस्से को भड़काया ही है। जिसने केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ आवाज उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वैसे एक हकीकत यह भी है कि सत्ताधीशों के लिये किसानों पर आपराधिक मुकदमा चलाना राजनीतिक दृष्टि से एक जोखिम भरा कदम माना जाता है।

निस्संदेह, इन राज्यों में किसान अब एक प्रभावशाली वोट बैंक बन चुके हैं। खासकर पंजाब में किसानों की जागरूकता सत्ताधीशों पर दबाव बनाने में कामयाब हो जाती है। सर्वविदित है कि देश के सीमावर्ती राज्य पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ के दौरान धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में किसानों के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना संवेदनशीलता की दृष्टि से उचित भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए अधिकारी किसी संभावित आक्रोश से बचने के लिये दंडात्मक कार्रवाई से बचने का प्रयास कर सकते हैं।

# माधव विश्वविद्यालय में 5वें राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का आयोजन

द डेसिंप्रग



**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल विज्ञान संकाय की ओर से माधव होम्योपैथिक कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से दो दिवसीय 5वां राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य फार्माकोविजिलेंस के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना और दवा सुरक्षा को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र परमार, होम्योपैथी विभाग निदेशक डॉ भारती देसाई, वरिष्ठ निदेशक डॉ. संजीव सेठ, फार्मेसी अधिष्ठाता डॉ. सुशील भार्गव तथा संस्थान के प्राचार्य डॉ. अभिनव द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती के समक्ष वंदना के साथ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से फार्माकोविजिलेंस को समझने और व्यावहारिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। दो दिवसीय आयोजन में पोस्टर प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी और नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें फार्मेसी और होम्योपैथी संकाय के करीब 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के भरत चौधरी ने इस विषय पर उपयोगी प्रस्तुति दी, जिसे विद्यार्थियों ने सराहा। समापन सत्र में विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में फार्मेसी संकाय के डॉ. विशाल त्रिवेदी, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. गौरव शर्मा, भाविक शर्मा, डॉ. अक्षत पाराशर, डॉ.




अंजलि गुप्ता, भारत चौधरी, आयुषी सिंह, मो. फरीद, अजय कुमार सिंह, मो. ज़ीशान, जितेंद्र प्रजापत, विक्रम डामोर और दुर्गेश प्रजापत का विशेष योगदान रहा। वहीं होम्योपैथी विभाग से डॉ. मो. रफी और फार्मेसी संस्थान के प्राचार्य डॉ. अभिनव द्विवेदी ने प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया। फार्मास्यूटिकल विज्ञान संकाय की ओर से बताया गया कि ऐसे आयोजन छात्रों में दवा सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने और भावी पेशेवरों को जिम्मेदार बनाने की दिशा में सार्थक भूमिका निभाते हैं।

# नैनबाग के द्वारगढ़ गरखेत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





द डेसिंप्रग

**सितारगंज नैनबाग़ ।** प्रदेशभर में÷स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मुफ्त स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन सेवा पखवाड़े के तहत यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक यह कार्यक्रम चलेगा। शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। वहीं नैनबाग के द्वारगढ़ गरखेत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय द्वारगढ़ की चिकित्सा अधिकारी डॉ पूनम सिंह, होम्योपैथिक सहायक राकेश नेगी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ की प्रभारी चिकित्साधिकारी मनीषा भारती ने गर्भवती महिलाओं की जांच कर निशुल्क दवाईयां वितरित की। शिविर में डॉक्टरों ने महिलाओं को भी जागरूक किया। इस अवसर पर हेल्थ सुपरवाइजर फूलदास भारती, प्रधान ठाल बीनो पंवार, प्रधान खास कुदाऊं अंकिता नौटियाल, प्रधान बिच्छू आरती रावत, सीएचओ रितु, एएनएम रीना, आशा, मीनाक्षी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# युवती को हथियार दिखाकर घर से नकदी व जेवरात चोरी कर ले जाने के दो आरोपी गिरफ्तार

द डेसिंप्रग



**रुदावल, / भरतपुर / रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल थाना पुलिस ने गांव सिंघाडा में युवती को हथियार दिखाकर साढे तीन लाख रुपए जेवरात व 3 हजार की नकदी एवं मोबाइल चोरी कर ले जाने की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रुदावल थाना प्रभारी बालकृष्ण फौजदार ने बताया कि 25 जुलाई को गांव सिंघाडा निवासी भूरीसिंह पुत्र भोलाराम जाटव ने मामला दर्ज कराया था कि उसका मेडिकल वाली गली के पास मकान है। रात्रि को उसके दो बच्चे सो रहे थे। रात्रि करीब 1 बजे 6-7 हथियारबंद बदमाश घर में अन्दर घुस आए। जब उसकी लडकी की आंखें खुली तो दो बदमाशों ने लडकी के सिर पर देशी कट्टा रख दिया और जान से मारने की धमकी दी। दो-तीन बदमाश चोरी करने लग गए। बदमाशों ने अलमारी के लॉकर की चाबी मांगी। जब लडकी ने चाबी नहीं होना बताया तो बदमाशों ने अलमारी व बक्सा के लॉक को तोड दिया और अलमारी में रखे सोने की नथ, टीका, पेन्डल व चांदी की कोधनी, पायजेब, साट, तोडिया, नाक की लौंग और 4 अंगूठी, 2 माला, 6 जोडी चुटकी और तीन हजार रुपए निकाल कर ले गए। घटना का खुलासा करने के लिए आईजी कैलाश विश्नोई व एसपी दिगंत आनंद ने एएसपी हरिराम कुमावत व सीओ नीरज भारद्वाज के सुपरविजन में बांध बारैठा चौकी प्रभारी भरतलाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी गांव नगला छैला निवासी चेतराम उर्फ बंटी पुत्र बाबूलाल गुर्जर व गांव दौलतिया का अड्डा सूखेपुरा थाना कंचनपुर निवासी ऐदल पुत्र दौलतिया गुर्जर को गिरफ्तार किया है।

# यूनानी चिकित्सा में हाइड्रा फेशियल : डॉ लियाक़त अली मंसूरी

**हाइड्रा फेशियल क्या है –हाइड्रा फेशियल एक मल्टीस्टेप फेशियल ट्रीटमेंट है। इससे एक चमकदार और खूबसूरत त्वचा पा सकते हैं ।**

द डेस्प्रिंग

### हाइड्रा फेशियल को 3 स्टेप्स में किया जाता है

1. लींजिंग, 2. एक्सफोलिएटिंग और3. हाइड्रेशन शामिल होता है ।

### 2. हाइड्रा फेशियल कैसे काम करता है



हाइड्रा फेशियल को माइक्रोडर्माब्रेशन नामक ट्रीटमेंट के समान माना गया है, लेकिन ये दोनों एक जैसे नहीं है । इस माइक्रोडर्माब्रेशन में हल्के उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें मोटी और अनइवन स्किन लेयर को रिमूव किया जाता है। वहीं हाइड्रा फेशियल में खास डिवाइस



का इस्तेमाल किया जाता है। इससे चेहरे की डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए सेशन दिए जाते हैं। इसमें त्वचा की क्लींजिंग, एक्सफोलिएटिंग और हाइड्रेशन की प्रक्रिया होती है। हाइड्रा फेशियल करने में करीब 30 मिनट का समय लग सकता है।

### हाइड्रा फेशियल के फायदे

1. त्वचा में निखार आता है, 2. त्वचा की गहराई से सफाई होती है,3. साथ ही स्किन से डेड स्किन सेल्स भी रिमूव होते हैं ,4. मुंहासे की समस्या दूर,5. ?ब्लैकहेड्स भी हटते है,6. ?रोजेशिया का इलाज,7. ?हाइड्रा फेशियल त्वचा के रोमछिद्रों को बंद करने वाली कोशिकाओं को हटाने में मदद करती हैं ,8. ?एजिंग के लक्षण कम करे,9. ?हाइड्रा फेशियल त्वचा की उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने में असरदार साबित हो सकता है,10. ?इसके साथ ही हाइड्रा फेशियल लेने

### हाइड्रा फेशियल के आम साइड इफेक्ट

से हाइपरपिगमेंटेशन व फाइन लाइंस की समस्या को भी कम करने में मदद मिल सकती है,11. ?त्वचा की गहराई से सफाई होती है । साथ ही स्किन से डेड स्किन सेल्स भी रिमूव होते हैं ,12. ?त्वचा की सफाई, निष्कर्षण और हाइड्रेट करता है, जो एक संतुष्टिदायक चमक पैदा करता है।

1. अस्थायी लालिमा, त्वचा की संवेदनशीलता, सूखापन शामिल हैं। गर्भवती महिलाओं और कुछ त्वचा की स्थितियों वाले लोगों को हाइड्रा फेशियल नहीं करवाना चाहिए। इसके अलावा, गलत तरीके से किए जाने पर चोट लगने, निशान पड़ने या एलर्जी प्रतिक्रिया होने की संभावना हो सकती है।

2. लालिमा और सूजन–
उपचार के बाद त्वचा में रक्त की आपूर्ति बढ़ने के कारण थोड़ी लालिमा और सूजन हो सकती है, जो कुछ घंटों में ठीक हो जाती है ।

3. संवेदनशील त्वचा
कुछ लोगों को उपचार के बाद त्वचा में थोड़ी जलन या संवेदनशीलता महसूस हो सकती है।

4. सूखापन
कुछ मामलों में हाइड्रा फेशियल से त्वचा थोड़ी ड्राई महसूस हो सकती है।

5. ब्रेकआउट (मुँहासे)
कुछ लोगों में, खासकर मुंहासे-प्रवण त्वचा वाले व्यक्तियों में, फेशियल के बाद मुंहासे निकल सकते हैं।

6. एलर्जी प्रतिक्रिया
फेशियल में उपयोग किए जाने वाले सीरम या उत्पादों से एलर्जी की प्रतिक्रिया हो सकती है।

7. चोट लगना या निशान
गलत तरीके से करने पर त्वचा को चोट लग सकती है या मामूली निशान भी आ सकते हैं।

8. संवेदनशील त्वचा पर जलन–
यदि आपकी त्वचा पहले से ही बहुत संवेदनशील है, तो हाइड्रा फेशियल से जलन हो सकती है।

### प्रशिक्षित यूनानी विशेषज्ञ से कराएं

सुनिश्चित करें कि फेशियल एक प्रमाणित और अनुभवी पेशेवर द्वारा किया जाए–

1. त्वचा की स्थिति बताएं–
अपनी त्वचा की संवेदनशीलता या अन्य समस्याओं के बारे में उपचार करने वाले को पहले ही बता दें।

2. धूप से बचें–
फेशियल के बाद सूर्य के संपर्क से बचें।

डॉ लियाक़त अली मंसूरी
(यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा थैरेपी स्पेशियलिस्ट)
जिला जयपुर समन्वयक
सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर (राज.)

# रक्तदान महादान

द डेस्प्रिंग

**नगराज वैष्णव ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर शिक्षक राजेंद्र कुमार ने भी शिक्षा जगत से आगे आकर एक यूनिट रक्तदान किया।उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।यह कार्य उन्होंने स्वेच्छा और राष्ट्रभक्ति की भावना से किया राजेंद्र कुमार ने कहा - रक्तदान छोटा सा योगदान है, लेकिन इससे मुझे राष्ट्रसेवा में शामिल होने का गौरव महसूस हुआ उन्होंने मोदी जी को देश का प्रेरणास्रोत मानते हुए उनके प्रति निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया। रक्तदान जीवनदान है, और सेवा ही सर्वोच्च धर्म है। शिक्षक राजेंद्र कुमार



# हिंदी है तो हम है : जयश्री सेठिया उपप्राचार्य

## एसडीएस कॉलेज में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ ।** सोना देवी सेठिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्याल में हिंदी पखवाड़े में विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गय। हिंदी विभागाध्यक्ष और उप प्राचार्य डॉ जयश्री सेठिया ने बताया कि "हिंदी है तो हम है" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जशोदा प्रजापत वाल ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर सावित्री प्रजापत रही। वहीं डिजिटल हिंदी के वैश्विक परिदृश्य विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भाग्यलक्ष्मी ने द्वितीय स्थान जशोदा प्रजापत ओर तृतीय स्थान कृष्णा तोषनीवाल एवं ऋषिका सैनी रही।एनएसएस प्रभारी चंद्रप्रकाश गुर्जर ने अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया।प्राचार्य डॉ साधना सिंह और निदेशक डॉ वंदना भटनागर ने हिंदी दिवस की बधाई दी।




# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार मातृ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं सरस्वती बालिका विद्यालय सूर्यकुंड गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में 17- 09 -2025 से 02 -10 2025 तक निर्धारित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना से हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम संयोजिका दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉक्टर दिव्या रानी सिंह एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अनुपमा कौशिक, मातृ शक्तियां एवं समस्त आचार्या बहनें उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने समस्त मातृ शक्तियों को संबोधित करते हुए उन्हें एवं उनके परिवार को स्वस्थ रखने की दिनचर्या एवं समयानुसार उचित खानपान से संबंधित विभिन्न प्रकार के पौष्टिक आहारों के सेवन करने तथा स्वास्थ्यवर्धक उपचार एवं उपाय को कार्य व्यवहार में लाने के लिए अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति को देवी के रूप में नहीं बल्कि एक मानव के रूप में सहानुभूति एवं संरक्षण चाहिए। कार्यक्रम का समापन आभार ज्ञापन एवं शांति मंत्र से हुआ।




# शेखावाटी की प्रसिद्ध रामलीला का शुभारंभ कल

द डेस्प्रिंग

**सीकर। नरेश सैन ।** सांस्कृतिक मंडल सीकर द्वारा आयोजित रामलीला में इस बार नवाचार के साथ रामलीला का मंचन होगा। मंडल के मंत्री जगदीश प्रसाद चौकड़ीका व संयुक्त मंत्री जानकी प्रसाद इंदौरिया ने बताया कि रामलीला में इस बार नवाचार के साथ रामलीला का आयोजन होगा। इस बार 72 वां मंचन होगा । और 73 वां दशहरा मनाया जाएगा। रामलीला ने अभिनय करने वाले कलाकार सब सेवा के माध्यम से जुड़े हुए हैं ।महेश सैनी सीकर रामलीला मैं पिछले लगभग 25 वर्षों से संस्कृतिक मंडल से जुड़े हुए हैं महेश सैनी ने शुरुआत में सुगम संगीत मे कदम रखा उसके बाद कई वर्षों तक सुमित्रा सुलोचना का शानदार अभिनय किया वर्तमान में सुग्रीव का शानदार अभिनय कर रहे हैं महेश पेशे से जनरल स्टोर चलाते है महेश सुभाष और रोहित के साथ त्रिमूर्ति के नाम से मण्डल मे मशहूर है। रोहित सैन सीकर रामलीला मैं पिछले लगभग 25 वर्षों से संस्कृतिक मंडल से जुड़े हुए हैं रोहित ने शुरुआत में कई वर्षों तक सीता का शानदार अभिनय किया है वर्तमान में कई वर्षों से भरत का शानदार अभिनय कर रहे हैं रोहित सैन पेशे से, बैंक मे रिलेशनशिप ऑफीसर के पद पर कार्यरत है रोहित कलाकार के साथ साथ अच्छे कार्यकर्ता भी है जो रामलीला के अलावा मंडल के सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं सुभाष सैनी सीकर रामलीला मैं पिछले लगभग 25 वर्षों से संस्कृतिक मंडल से जुड़े हुए हैं सुभाष ने शुरुआत में कई वर्षों तक अंगद का शानदार अभिनय किया है वर्तमान में कई वर्षों से लक्ष्मण का शानदार अभिनय कर रहे हैं सुभाष पेशे से किसान है और जनरल स्टोर भी चलाते है सुभाष कलाकार के साथ साथ अच्छे कार्यकर्ता भी है जो रामलीला के अलावा मंडल के सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं सुभाष और रोहित की जोड़ी न 1 के नाम से मण्डल मे मशहूर है



# नेनी बाई रे मायरे का तीसरा दिन , मारा मोहन भइयो आओ ओर ले लो मायरो - सरोज प्रियाजी



द डेस्प्रिंग

**रानी //नगराज वैष्णव ।** रानी के गणेश आश्रम, धर्मवीर मैदान के पास सरोज प्रिया जी के मुखार विंद से चल रहे नानी बाई के मायरे के आज तीसरे दिन प्रिया जी ने बताया कि नरसी जी गाँव अंजार पहुचे लेकिन बेटी के ससुराल वालों ने कोई आव भगत नही की लोग कुछ कहेंगे इसके लिए नरसी जी की बेटी को भेजा लेकिन दूसरी चिठी के साथ फिर घर पर बुलाया नरसीजी भजन गाने लगे तो किसी ने कहा कि सावरिया सेठ आ गया तो नरसीजी डेरे पर गए ठाकुर जी को मायरे के लिए कहा तो भगवान मायरे की तैयारी करने लगे और सारा सामान लेकर राधा रुक्मिणी के साथ गाव अंजार में मायरा भरने आये ओर नानी बाई को समझाया की मायरा जोरदार भरना है 56 करोड़ के मायरे के साथ नरसी जी को लेकर मायरा भरा, प्रियाजी ने बताया कि जीवन का हर काम भगवान के ऊपर छोड़ दो मैं मैं मत करो अभिमान नही करे, अभिमान से सब कुछ नष्ट हो जाता है नरसी ने ठाकुर जी के ऊपर छोड़ दिया तो चिंता ठाकुर जी को हुई और सभी को लेकर नरसी के नानी बाई का मायरा भरने के लिए भगवान आये, जो भी काम करो भगवान को अर्पण कर दो फिर वह काम भगवान करते है और जब मायरे में मारो मोहन भइयो आओ ओर ले लो मायरो के भजन पर लोग झुम ऊठे ओर कहने लगे कि सावरिया है ।

# श्याम नगरी में श्रीराम कला मंडल संस्थान का 25वां रजत महोत्सव, रामलीला का शुभारंभ आज

द डेस्प्रिंग

खाटूश्यामजी. श्याम नगरी में श्रीराम कला मंडल संस्थान के तत्वावधान में आज से 1 अक्टूबर तक 11 दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इस रामलीला का मंचन कस्बे के कबूतर चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सामने होगा। श्रीराम कला मंडल संस्थान के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का आयोजन संस्थान के 25वें रजत महोत्सव के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज रात्रि 8:15 बजे भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं गाजे-बाजे के साथ रामलीला का भव्य शुभारंभ होगा। मीडिया प्रभारी सुजल स्वामी ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संस्थान पदाधिकारी एवं सदस्यों ने दिन-रात जुटकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। रामलीला के मंचन में दर्शकों को राम जन्म, रावण जन्म, राम-सीता विवाह, राम का अयोध्या गमन, सूर्पनखा नाक काटन, सीता हरण, हनुमान-सीता मिलन, राम-भरत मिलाप, संजीवनी पर्वत प्रसंग और रावण वध जैसे अनेक प्रसंगों का सजीव मंचन देखने को मिलेगा।

# पत्नी मां बेटी को भरण पोषण नहीं देने के कारण वसूली वॉरेंट जारी

द डेस्प्रिंग

अपर मुख्य महानगर संख्या एक जोधपुर महानगर ने श्रीमती कुसुम राठौर पत्नी महेंद्र सिंह और कियारा पुत्री महेंद्र सिंह ने अपने अधिवक्ता भवानीसिंह भलासरिया के मार्फत घरेलू हिंसा की धारा 12,23 का प्रार्थना पत्र पेश किया और न्यायालय को बताया कि 17.2.2018 को महेंद्र सिंह के साथ में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी हुई और एक पुत्री का जन्म हुआ और कुछ समय के बाद ही सोने चांदी के गहने आभूषण इत्यादि दिए जो हड़प लिए और शादी के कुछ समय बाद ही पति और सासु जी द्वारा परेशान करने लगे और मारपीट करना शुरू कर दिया सोना चांदी के आभूषण भी छीन लिए और खुद कर दिए प्रार्थीया की सासु सरकारी कर्मचारी होते हुए भी प्रार्थीया के साथ घरेलू हिंसा कारित की गई सगाई और शादी के समय यह विश्वास दिलाया गया की पति की घर की कपड़े की दुकान है और हर माह 30000 रुपया कमा लेता है और सीजन में ज्यादा भी कमाता है और घर का मकान है और परिवार वालों ने यह विश्वास करते हुए प्रार्थीया के पति के साथ शादी की शादी की कुछ समय बाद पुत्री का जन्म हुआ पुत्री का जन्म होने के बाद से ही मर पिट और घरेलू हिंसा होने लग गई और सोना चांदी के गहने भी हड़प्प लिए ,बार-बार ताने सुनाने लग गए और कहां की सोना चांदी की जेवरात और लेकर आओ तब तंग और परेशान होकर पति और सासु के विरुद्ध दहेज की धारा 498, और 323 में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई , पति के विरुद्ध दहेज के मुकदमे में चालान पेश किया गया, ओर घरेलू हिंसा का मुकदमा पेश करने के बाद पति और सासु को नोटिस जारी हुए ,नोटिस जारी होने के बाद जवाब प्रस्तुत हुआ जवाब प्रस्तुत होने के बाद प्रार्थियों द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय अपराधीक अपिल संख्या 730 / 2020 रजनेश बनाम नेहा दिनांक 411 2020 के आदेश के अनुसार अपना शपथ पत्र पेश किया , उसके बाद बहस की गई और घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 23 का निस्तारण किया गया और आदेश पारित हुआ और आदेश दिया गया की प्रार्थना पत्र प्रस्तुत की तारीख 5.1.2022 से भरण पोषण की राशि प्रार्थीया और पुत्री को प्रतिमाह रुपए 5000 अदा करें राशि अदा नहीं करने के कारण के घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 6 (5) में अपने अधिवक्ता भवानी सिंह भलासरीया के मार्फत अलग-अलग वसूली प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, भरण पोषण राशि लगभग 220000 रुपए बकाया है राशि नहीं देने कारण पति महेंद्रसिंह के विरुद्ध वसूली वॉरेंट जारी हुए

# सरकारी सेवा चयन में द बोहराज़ ग्लोबल स्कूल की धमाकेदार सफलता

## शिवानी ने दोहरी उपलब्धि से क्षेत्र का मान बढ़ाया

द डेस्प्रिंग

**टोडाभीम / मनोज खंडेलवाल ।** क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल उस समय चरम पर पहुंच गया जब द बौहराज़ ग्लोबल स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा शिवानी, पुत्री रामस्वरूप निवासी अनंतपुर, टोडाभीम, ने सरकारी सेवाओं की दो प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सफलता अर्जित कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और विद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया। शिवानी ने पहले राजस्थान पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में चयनित होकर परिवार और विद्यालय को गौरवान्वित किया और इसके तुरंत बाद राजस्थान सचिवालय की लोअर डिवीजन क्लर्क (एलडीसी) परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर अपनी उपलब्धियों की सूची में दूसरा स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। शिवानी की इस दोहरी उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण अंचल की बेटियां किसी भी तरह से पीछे नहीं हैं और कठिन परिश्रम व मजबूत संकल्प के बल पर बड़ी से बड़ी बाधाओं को पार कर सकती हैं। इस ऐतिहासिक सफलता को यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर में भव्य




सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में निदेशक विनय बौहरा और सह-निदेशक विकास बौहरा ने शिवानी को सम्मानित करते हुए कहा कि यह केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि विद्यालय, क्षेत्र और समस्त छात्र समुदाय के लिए प्रेरणा का ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शिवानी ने लगातार दो प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन पाकर यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासन, कठोर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति अटूट निष्ठा से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। इस अवसर पर शिवानी ने भावुक होकर अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रेरणादायक वातावरण, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन और परिवार के अटूट सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की सामूहिक मेहनत और शिक्षकों की निस्वार्थ सेवा का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता को ऐतिहासिक और मील का पत्थर बताते हुए कहा कि शिवानी की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक संदेश है। इससे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति नई जागरूकता बढ़ेगी और सरकारी सेवाओं में चयन की दिशा में नई ऊर्जा का संचार होगा। सम्मान समारोह में प्रिंसिपल ओ. राजेश, कोऑर्डिनेटर श्वेता नेगी, सभी विषय अध्यक्षगण, शिक्षकवृंद, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। उपस्थित जनों ने कहा कि ग्रामीण अंचल से निकलकर एक छात्रा का इस स्तर पर चयन होना समाज में सकारात्मक बदलाव और नारी सशक्तिकरण का सशक्त प्रतीक है। इस उपलब्धि के साथ ही द बौहराज़ ग्लोबल स्कूल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि सही मार्गदर्शन, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और निरंतर प्रोत्साहन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाकर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव की धूम

## खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों, युवाओं और महिलाओं की उमंग का जश्न

द डेस्प्रिंग

**मंडावर/मनोज खंडेलवाल ।** अग्रवाल समाज की आस्था, परंपरा और एकता का प्रतीक महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव शनिवार को मंडावर स्थित व्यापार समिति धर्मशाला में भव्य उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। अग्रवाल सम्मेलन, युवा सम्मेलन और अग्रवाल महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव की शुरुआत समाज के प्रबुद्धजनों की गरिमामयी मौजूदगी में हुई। उद्घाटन के अवसर पर अग्रवाल सम्मेलन अध्यक्ष महेशचंद्र गर्ग ने महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी महालक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शुरुआत के साथ ही महिला एवं युवा सम्मेलन की ओर से खेलकूद प्रतियोगिताओं की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में टॉफी छांटना, एबीसीडी लिखना, स्ट्रॉ से माचिस की तीली उठाना, टिक-टैक पिन से मटर उठाना, गिलास में सिक्का डालना, अल्फाबेट से स्पेलिंग बनाना, गुब्बारा फुलाना और फोड़ना, म्यूजिकल चेयर, चूड़ी पर सिक्के जमाना और गुब्बारे उड़ाते हुए शर्ट के बटन लगाना जैसी गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया।



पूरे दिन व्यापार समिति धर्मशाला का परिसर तालियों की गूंज, हंसी-खुशी और जोश से सराबोर रहा। हर प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों की उमंग ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंदूकी ने बताया कि यह आयोजन न केवल महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और शिक्षाओं को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ जोड़ने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का भी माध्यम है।

इस अवसर पर अग्रवाल सम्मेलन के महामंत्री अनंत मंगल, उपाध्यक्ष राम अवतार सिंघल, कोषाध्यक्ष राजेश बंसल, संतोष सिंघल, युवा अध्यक्ष सन्नी गर्ग, महामंत्री शिवम मंगल, कोषाध्यक्ष संजीव कंसल, पवन कुमार गोयल, शुभम बंसल, नवीन गोयल, गोविंद मंगल, अभिषेक मंगल और प्रियांशु अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। महिला सम्मेलन से अध्यक्ष सुनीता सिहँल, महामंत्री हेमा सिहँल, उपाध्यक्ष मंजू मित्तल, कोषाध्यक्ष सुनीता गोयल, कल्पना गर्ग, वंदना सिंघल, मीनू अग्रवाल, शशि गोयल, प्राची कंसल और आशना जिंदल समेत कई महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हुईं। पहले ही दिन समाज के सभी वर्गों की बढ़-चढ़कर भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि महाराजा अग्रसेन की शिक्षाएं आज भी समाज को जोड़ने और प्रगति की राह दिखाने का प्रेरणास्रोत हैं। महोत्सव के आगामी दो दिनों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और धार्मिक अनुष्ठान इस आयोजन को और भी भव्य और यादगार बनाएंगे।

# संदीप का अध्यापक पद पर राजकीय सेवा में चयन

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़(विनोद चौधरी)** सोनड़ी गांव के संदीप पुत्र ओमप्रकाश सहारण का अध्यापक पद पर राजकीय सेवा में चयन होने पर परिवार वालों व ग्रामीणों ने माला पहनाकर और मिठाई



खिलाकर जोरदार स्वागत किया। संदीप ने अध्यापक पद पर चयन होने का श्रेय अपनी माताजी कृष्णा देवी, पिताजी ओमप्रकाश व चाचा पंच संतलाल सहारण को दिया। साथ में बताया कि इनकी बदोलत ही आज मैं इस मुकाम तक पहुंचा हूं। मेरे इस कठिन परिश्रम और लगन में इनका सबसे बड़ा योगदान रहा जो हर समय मेरा साथ देते रहे। अध्यापक पद पर चयन होने के बाद संदीप ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहनगढ़ जिला जैसलमेर में पदभार ग्रहण कर लिया। अध्यापक बनने पर गांव के सरपंच संतोदेवी लालर, पंचायत समिति सदस्य धनाराम बरोड़, स्कूल विकास कमेटी अध्यक्ष रामचन्द्र गोदारा, उपाध्यक्ष छोटूराम सहारण, डॉ ओमप्रकाश वर्मा, दयाराम राव, लादूराम सहारण आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खुशी जताई।

# सरसों की तुलाई में धोखाधड़ी कर 1 करोड 7 लाख रुपए की सरसों के गबन के दो आरोपियों को गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग



**रुदावल, भरतपुर रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल 20 सितंबर। रुदावल थाना पुलिस ने हरि फूड प्रोडेक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड बैरी हलैना में सरसों की तुलाई में धोखाधड़ी कर 1 करोड 7 लाख रुपए की 300 टन सरसों का गबन करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रुदावल थाना प्रभारी बालकृष्ण फौजदार ने बताया कि श्री हरि फूड प्रोडेक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड बैरी हलैना के फाईनेन्स मैनेजर विवेक कुमार ने पुलिस थाना हलैना में मामला दर्ज कराया था कि हरि फूड प्रोडेक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड की फैक्ट्री में सरसों तेल एवं खल का उत्पादन होता है। फैक्ट्री द्वारा किसानों से सरसो की खरीद कर उसका प्रोंसेसिंग किया जाता है। इस प्रकिया का कार्यभार अनूप पुत्र सतीश को सौंपा गया था। अप्रैल 2025 की फसल अवधि में रतवाका अलवर निवासी मुबीन खान पुत्र समशुद्दीन मेव, चान्दूकी जिला अलवर निवासी हज्जू खा पुत्र केमत खान एवं गोपाल पुत्र हजारीलाल तथा अन्य के द्वारा योजनाबद्ध रूप से षडयंत्र रचकर लगभग 92 गाडियों के माध्यम से 10216.25 मैट्रिक टन सरसो की खरीद दर्शाई गई। जबकि सत्यापन तौल में फर्जी प्रविष्टियां पाई गई। आडिट रिपोर्ट में 300 टन सरसों की हेराफेरी पाई। जिसके लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर रसीदों व भुगतान पावती में धोखाधडी की गई। इस मामले का खुलासा करने के लिए आईजी कैलाश विश्नोई, एसपी दिगंत आनंद ने एएसपी हरिराम कुमावत व सीओ नीरज भारद्वाज के सुपरविजन में रुदावल थाना प्रभारी बालकृष्ण फौजदार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने 1 करोड 7 लाख रुपए की सरसों का गबन करने के आरोपी गांव इरनिया थाना लक्ष्मणगढ जिला अलवर निवासी परसराम पुत्र हरीराम जाट व गांव रतवाका थाना मालाखेडा जिला अलवर निवासी साकिर हुसैन पुत्र सुल्तान खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से धोखाधड़ी कर हडपी गई सरसों की राशि की बरामदगी के लिए गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## मेडिकल स्टोरों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# जीत मेडिकल स्टोर तत्काल सील - तराई व भारत मेडिकल से दवाइयों के सैंपल जब्त

**सितारगंज, क्षेत्र में मचा हड़कंप**

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज/दीपक भारद्वाज।** जिलाधिकारी उधमसिंहनगर के सख्त निर्देशों पर आज सितारगंज क्षेत्र में औषधि विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोरों पर औचक छापेमारी कर अवैध व संदिग्ध दवा कारोबारियों पर नकेल कस दी। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक निधि शर्मा, शुभम कोटनाला, उपजिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप सिंह यादव एवं पुलिस टीम ने मिलकर इस अभियान को अंजाम दिया। निरीक्षण के दौरान जीत मेडिकल स्टोर पर गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर तत्काल प्रभाव से दुकान को बंद करा दिया गया। वहीं तराई मेडिकल स्टोर और भारत मेडिकल स्टोर से संदिग्ध दवाइयों के सैंपल जब्त कर जांच के लिए भेजे गए। अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि किसी भी मेडिकल स्टोर पर यदि नियम विरुद्ध गतिविधियां पाई जाती हैं, तो कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्रभर के मेडिकल व्यवसायियों में खलबली मच गई है और जनता ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना की है

# राशन गड़बड़ी में 65 क्विंटल कमें से 16 क्विंटल बरामद

## डिप्टी आरएमओ ने विपणन विभाग पहुंचकर की जांच

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज** ।राशन वितरण में लंबे समय से चल रहे गड़बड़ी के खेल ने अब तेज़ी पकड़ ली है। विपणन कार्यालय से आए डिप्टी आरएमओ अशोक कुमार ने सितारगंज पीडीएस गोदाम के अभिलेखों का मिलान शुरू कर दिया है। जांच में सामने आया है कि 65 क्विंटल गेहूं में से अब तक केवल 16 क्विंटल बरामद हुआ है। इस मामले में तत्कालीन सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर ओम नारायण मिश्रा और मार्केटिंग ऑफिसर दीपक सक्सेना को डिप्टी आरएमओ ने निर्देशित किया है। यह खुलासा नगरवासियों के लिए जैसे चौंकाने वाली खबर है।

### डिप्टी आरएमओ अशोक कुमार ने सख्त लहजे में कहा

जितना भी डिफरेंस आ रहा है, उसे तुरंत पूरा किया जाए।" इसी कार्रवाई के चलते वार्ड 5 और 6 के कोटाधारकों को फिलहाल पूरा राशन उपलब्ध करा दिया गया है। सभासद रवि रस्तोगी ने इसे जनता की जीत करार देते हुए कहा वार्ड 5 और 6 के उपभोक्ताओं को उनका हक मिला। यह पहला नतीजा है। लेकिन यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। जब तक 65 क्विंटल गेहूं का पूरा हिसाब-किताब सामने नहीं आता और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होती संघर्ष जारी रहेगा।"

नगर में इस खुलासे ने हलचल मचा दी है। लोग अब खुलेआम सवाल कर रहे हैं। कई वर्षों से चल रहा यह राशन घपला किसकी शह पर हो रहा था। क्या प्रशासन इस बार पूरी सच्चाई सामने लाएगा, या खेल वहीं का वहीं रहेगा? जनता की नजरें अब गोदाम और अभिलेखों पर टिकी हैं।

# कब्रिस्तान विवाद ने पकड़ा तूल पूर्व अध्यक्ष व उनके बेटों पर जानलेवा हमला, छोटे बेटे आमिर गंभीर रूप से घायल

**मस्जिद में बुलाई गई मीटिंग बनी रणभूमि**

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज(दीपक भारद्वाज)।** नगर के रम्पुरा क्षेत्र में कब्रिस्तान कमेटी के मुद्दे पर शुक्रवार दोपहर हालात अचानक बिगड़ गए और माहौल रणभूमि में तब्दील हो गया। जानकारी के अनुसार रम्पुरा के मोहल्ले के लोगों को मस्जिद के मदरसे में मीटिंग के लिए बुलाया गया था। पूर्व अध्यक्ष महमूद हुसैन अपने दोनों बेटों आमिर व जाबिर के साथ तय समय पर मीटिंग में पहुंचे। वहां पहले से मौजूद कासिम मलिक, राशिद मलिक, हारून, रमजानी, इमरान हुसैन, यूनुस, इस्तखार, राजा, लईक उर्फ छोटा, सिम्मु, यूसुफ और तालिब समेत कई लोगों ने उनसे कमेटी के मूल कागजात मांगे। महमूद हुसैन ने जवाब दिया कि कागजात की छायाप्रति पहले ही वर्तमान अध्यक्ष डॉ. असलम को सौंप दी गई है, जबकि मूल कागजात नई कमेटी के गठन के बाद नियम अनुसार सौंपे जाएंगे। बस यही बात हमलावरों को नागवार गुज़री और देखते ही देखते गाली-गलौच शुरू हो गई। विरोध करने पर आरोपियों ने महमूद हुसैन और उनके बेटों से बुरी तरह मारपीट की, जिसमें छोटे बेटे आमिर हुसैन को गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया।घटना स्थल पर मौजूद चश्मदीद गवाह मोहम्मद हनीफ और बाबू रजा समेत कई लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया, लेकिन आरोपी जाते-जाते पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस पूरे प्रकरण से क्षेत्र में तनाव और दहशत का माहौल व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने थाना सितारगंज में लिखित तहरीर देकर आरोपियों पर गंभीर कार्रवाई की मांग की है और भविष्य में जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और जल्द ही जांच कर अग्रिम कार्रवाई की बात कही है। वहीं दोनो पक्षों में तनातनी का माहौल बताया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत टोटरी में सेवा शिविर का किया गया आयोजन

द डेस्प्रिंग



**बाड़ी/आशीष शर्मा** । ग्राम पंचायत टोटरी में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा गांव-गांव सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें बाड़ी से एसडीएम भगवत शरण त्यागी भारतीय जनता पार्टी युवा नेता चतुर सिंह,विजय कुमार सरपंच,मुकेश मीणा तहसीलदार,अनिल शर्मा विकास अधिकारी,राजेश शर्मा सहायक विकास अधिकारी, राममुकुट गुर्जर कृषि विभाग, रामपाल मीणा शिक्षा विभाग, अनिता कुमारी कनिष्ठ सहायक, दाऊदयाल कुशवाहा पशु विभाग, ओमप्रकाश,वीडीओ दीपक कुमार गौड़, पटवारी विपिन परमार,सौरव परमार,रमेश शर्मा, लीला देवी गुर्जर बाल विकास विभाग, रीता, रामधनी,आरती, देवेंद्र सिंह स्वास्थ्य विभाग,सुनील डीलर सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित हुए।भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता चतुर सिंह द्वारा राजस्थान की सारी योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक किया और तुरंत सरकारी योजनाओं में नाम जुड़वाने हेतु सभी लोगों को प्रेरित किया। जिससे गरीब किसान दलित पीड़ित सभी को लाभ को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

# वृद्धजनों की सेवा ही सच्ची मानव सेवाः कुलदीप धनखड़

द डेस्प्रिंग न्यूज़







**धौलपुर / विजय श्रीवास्तव ।** भारतीय जनता पार्टी जिला धौलपुर द्वारा आयोजित वृद्ध जन सम्मेलन भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मां भारती, स्व.पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप्रज्वलित एवं फूलमाला अर्पित कर वृद्ध जन सम्मेलन का प्रारंभ हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि विराटनगर विधायक पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनखड़ का जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत एवं अन्य पदाधिकारियों ने पगड़ी पहना एवं दुप्पटा पहना कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया। जिले में प्रवेश करने पर जिले के भाजपाइयों एवं सभी समाजों के गणमान्य लोगों ने हर्षौल्लास के साथ स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलदीप धनखड़ ने कहा कि हर भारतीय का प्रथम कर्तव्य बनता है कि हमें वृद्धजनों का आदर, सत्कार और सम्मान करना चाहिए और वृद्धजनों की सेवा करने में तत्पर रहना चाहिए वृद्धाश्रमों में जो वृद्धजन रह रहे हैं उनकी हर सम्भव मदद करनी है। उनकी सेवा में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए इससे बड़ा संसार में कोई पुण्य कार्य नहीं है। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वृद्धजनों के सम्मान एवं सेवा के लिए जिले के समाजसेवियों को आगे आ कर मानव सेवा के कार्य में सहभागीता निभानी चाहिए जिससे वृद्धजनों की सच्ची सेवा हो सके। हर व्यक्ति को जो भी सम्भव हो वह मदद करनी चाहिए। वृद्ध जन सम्मेलन का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशंभर दयाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह,पूर्व राज्य मंत्री जगमोहन बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष सतेन्द्र पाराशर,हरिनिवास शर्मा प्रधान, पूर्व जिला प्रमुख रामबती जाटव, रणवीर सिंह दंडोतिया, जिला महामंत्री मदन लाल कोली,कल्पना शर्मा, शशि त्यागी, रामकुमार गर्ग, नरेन्द्र सिंह तोमर,राजकुमारी कुशवाह, विनोद कुमार झा, राजीव रस्तोगी, रामवीर शर्मा,सतीश शर्मा, राधेश्याम सक्सेना, दिग्विजय सिंह,धर्मवीर सिंह चौधरी, अनिल गोयल,धीर सिंह जादौन,हमे सिंह बघेला रजत जनसंघी, अशोक पचोरी, विशाल सिंघल हरिंद्र सिंह राव, राम अवतार त्यागी, लक्ष्मण सिंह तोमर, नेहा राघव,महावीर गर्ग सहित हजारों वृद्धजन मौजूद रहे।

## 33 केवी फीडरों पर आज बिजली रहेगी बंद

# 220 केवी जी.एस.एस में अर्धवार्षिक अनुरक्षण के चलते शटडाउन आज

द डेस्प्रिंग

**मंडावर (दौसा)/ मनोज खंडेलवाल ।** 220 केवी जी.एस.एस मंडावर पर आज अर्धवार्षिक अनुरक्षण कार्य के चलते पूरे क्षेत्र में 33 केवी के सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से ठप रहेगी। अधिशाषी अभियंता आर.के. मीना ने बताया कि 220 केवी जी.एस.एस मंडावर पर 132 केवी और 33 केवी मुख्य बस का नियमित रखरखाव एवं निरीक्षण कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण शटडाउन लिया गया है। इसके प्रभाव से मंडावर सिटी समेत आसपास के कई क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। शटडाउन के दौरान 33 केवी जी.एस.एस मंडावर से जुड़े गढ़ हिम्मतसिंह, उकरूंद, नांगल मीणा, सरावली, सायपुर और पाखर के फीडर प्रभावित रहेंगे। 33 केवी जी.एस.एस गोपालगढ़ से जुड़े टीकरी, किलानोत, खेरली खुर्द, फुलमंडा और पाखर-द्वितीय, 33 केवी जी.एस.एस मान्यापुरा से जुड़े वीरासना, धौलखेड़ा और नौरंगपुरा, 33 केवी जी.एस.एस हल्दैना से जुड़े कोट, मुनापुरा, बनावड़ और हाडोली, तथा 33 केवी जी.एस.एस एदलपुर और 33 केवी जी.एस.एस रसीदपुर से जुड़े खेड़ा मंगलसिंह, झालाटाला, उकेरी, रैणी और रामपुरा के फीडर इस दौरान बंद रहेंगे। आर.के. मीना ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे शटडाउन के दौरान अपने बिजली उपकरणों का उपयोग सीमित रखें और किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए सतर्क रहें। यह शटडाउन 21 सितंबर 2025, सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि यह नियमित अनुरक्षण कार्य क्षेत्र में दीर्घकालिक और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य है।

# सितारगंज पुलिस की ऐतिहासिक कार्यवाही

## 40 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज(दीपक भारद्वाज)** क्षेत्र में अवैध शराब तस्करों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई ने इलाके में सुरक्षा की मिसाल कायम कर दी। शुक्रवार शाम पुलिसकर्मी का. सुनील चौहान व हमराही का. कमल गहतोड़ी गश्त के दौरान बन्दरिया चौराहे के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में सफेद प्लास्टिक का कट्टा लेकर भागते हुए देख कर तुरंत पीछा किया। करीब 20 मीटर आगे फायर स्टेशन की ओर जाते हुए युवक को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान 35 वर्षीय सतीश, पुत्र श्यामचरण, निवासी पीलीभीत, हाल निवासी पहाड़ी उकरौली, सितारगंज के रूप में हुई।आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 40 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की, जिनमें से तीन पाउच का नमूना सील कर रख लिया गया। आरोपी ने यह शराब अपने घर पहुंचाने के लिए रखी थी। आरोपी को धारा 60(1) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल तस्करों की धड़कनें थम गई

# वाल्मीकि कॉलोनी, वार्ड नंबर 30 व 31 में आउटरिच चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन, 102 मरीजों की हुई स्वास्थ्य जांच

द डेस्प्रिंग



**जैसलमेर -रमेश प्रजापत ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार पालीवाल ने बताया कि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जैसलमेर शहर में शनिवार को वाल्मीकि कॉलोनी, वार्ड नंबर 30 व 31में एकदिवसीय आउटरीच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया , डॉ पालीवाल ने बताया कि आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ गजेंद्र सिंह द्वारा 102 मरीजों को स्वास्थ्य जांच व परामर्श प्रदान कर लाभान्वित किया गया, आयोजित शिविर में टीकाकरण , स्वास्थ्य जांच, परामर्श , मौसमी बीमारियो से बचाव की जानकारी, टीबी से बचाव एवं बच्चों में कुपोषण जांच , मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाए प्रदान की गई

# माली (सैनी) समाज की महा सभा का आयोजन आज

**पांच जिलों के युवाओं और बुजुर्गों के साथ होगा समाज सुधार पर विचार विमर्श।**

द डेस्प्रिंग



**महवा (दौसा)/मनोज खंडेलवाल ।** माली (सैनी) समाज के विकास और सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आज सैनी छात्रावास के पास हनुमान मैरिज गार्डन, महवा में विशाल महासभा का आयोजन किया जा रहा है। इस सभा में दौसा, करौली, भरतपुर, सवाई माधोपुर, डीग और अलवर के समाजिक प्रतिनिधि, बुजुर्ग और युवा शामिल होंगे। प्रदेश स्तर के संगठन प्रभारी और पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। महासभा का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर समाज सुधार, शिक्षा के प्रचार-प्रसार और राजनीति में संगठित होने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श करना है। यह महासभा केवल औपचारिक सभा नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों पर रोकथाम, शिक्षा को बढ़ावा देने और सामूहिक उत्थान के लिए युवाओं और बुजुर्गों को मार्गदर्शन प्रदान करने का अवसर है। सभा में उपस्थित समाजजन अपने अनुभव साझा करेंगे, विचार प्रस्तुत करेंगे और समाज के विकास के लिए ठोस कदम तय करेंगे। सभी जिला अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, पदाधिकारी और बुजुर्ग सदस्य सुनिश्चित करेंगे कि सुधारात्मक नियमों को पारित कर महासभा सफल बन सके। सैनी समाज महवा के सोशल मीडिया प्रभारी तरुण सैनी ने बताया कि इस महासभा में विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया गया है ताकि समाज के भविष्य के लिए नई दिशा तय की जा सके। उन्होंने सभी समाज बन्धुओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समाज सुधार और विकास की दिशा में सक्रिय योगदान दें। महासभा प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ होगी और इसका उद्देश्य न केवल समाज में कुरीतियों पर रोकथाम और शिक्षा को बढ़ावा देना, बल्कि समाज के सदस्यों के बीच सशक्त संवाद और संगठनात्मक सामंजस्य स्थापित करना भी है। यह महासभा माली (सैनी) समाज के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति, तहसील महवा और सैनी समाज, तहसील महवा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो समाज के विकास और सुधार की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दर्शाएंगे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**300 किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श प्रदान कर किया गया लाभान्वित**

द डेस्प्रिंग



**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगढ़ पर स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया , आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जिला प्रमुख प्रताप सिंह द्वारा किया गया तथा शिविर में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की , आयोजित शिविर में 34 लोगों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया तथा 300 किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच व परामर्श प्रदान कर लाभान्वित किया गया , इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों व जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम ने अपनी सराहनीय सेवाएं दी। आयोजित शिविर में बीसीएमओ सम डॉ. निखिल शर्मा ने शिविर व्यवस्थाओं का जायजा लिया , डॉ शर्मा ने बताया कि शिविर में एनसीडी स्क्रीनिंग, पोषण संबंधी जानकारी, टीबी स्क्रीनिंग व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाए प्रदान कर मरीजों को लाभान्वित किया गया, इस अवसर पर जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित थे

# पूर्व विधायक नारायण पाल ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिलने पर नाराजगी जताई नारायण पाल

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज दीपक भारद्वाज** पूर्व विधायक नारायण पाल ने सिडकुल की कंपनियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि तिवारी सरकार के तहत 70' आरक्षण के प्रावधान का पालन नहीं हो रहा है। पाल ने शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि योग्यतानुसार रोजगार दिलाने के लिए युवाओं के साथ संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशे ले बर्बाद हो रही है। नशे के खिलाफ भी कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने सितारगंज व शक्तिफार्म क्षेत्र के गांवों में जनसंवाद भी किया। यहां पूरन चौहान, आकाश अंसारी, सोमपाल, राजू अंसारी, फेमस अंसारी, जगदीश मौर्या मौजूद रहे।



# निकिता रावल संग डेटिंग की अफवाहों पर संग्राम ने तोड़ी चुप्पी

**हाल ही में जब रेसलर से एक्टर बने संग्राम सिंह ने निकिता रावल के साथ डेटिंग की अफवाह वाली खबर को पढ़ा तो वह हैरान रह गए। संग्राम को यह खबर सुनकर झटका लगा है। इस पूरे मुद्दे पर संग्राम सिंह ने खुलकर बात की है।**

डेटिंग की अफवाहों पर संग्राम सिंह कहते हैं, 'मुझे कुछ वक्त पहले निकिता रावल के शो में बुलाया गया जो 6 एपिसोड का था। जहां मैं एक ही बार जज बनकर गया था। उन्होंने एक रील भी बनाई। हम 3 से 4 बार अपनी टीम से साथ उनके दूसरे शो के सिलसिले में ही मिले हैं। वो मुझे सर कहकर बुलाती हैं और मैं भी उन्हें जी कहकर बुलाता हूं। मैं उन्हें ज्यादा जानता नहीं हूं।'

## फालतू की बातों पर ध्यान नहीं देता हूं

संग्राम सिंह आगे कहते हैं, 'मैं सबके साथ प्यार और सम्मान से बात करता हूं। मैं बहुत हैरान हूं कि मीडिया में बेसिर पैर की अफवाहें बिना किसी कंफर्मेशन के बड़े-बड़े प्लेटफार्म पर लग रही है। एक बार मुझसे तो पूछ लें कि क्या यह सच है? मैं इन फालतू बातों पर ध्यान नहीं देता हूं। मैं समाज के लिए कुछ करना चाहता हूं। मैं दुनिया में अपनी विरासत छोड़ना चाहता हूं। इस समय मैं रूस2 के मैच की तैयारी में बहुत व्यस्त हूं, यह मैच दिसंबर में होने वाला है।'

## तलाक की खबरें पढ़कर भी दुख हुआ

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए संग्राम सिंह कहते हैं, 'हाल ही मेरे तलाक पर भी ऐसे खबरें आईं जिसे पढ़कर दुख हुआ। मैं हमेशा इन लोगों का सॉफ्ट टारगेट रहता हूं। मैं यही कहूंगा कि ऐसी कोई खबर बिना मेरी परमिशन के ना छापे। मेरे काम को देखें। मैं बहुत ही जल्द एक बड़ी फिल्म के दिखाई दूंगा। आखिरी में मैं किसी भी एक्ट्रेस के साथ अफवाहों की खबरों का खंडन करता हूं।'

# मैं अब ट्रोलिंग में पॉजिटिव साइड देखने की कोशिश करती हूं



**अवनीत कौर टीवी की फेमस एक्ट्रेस हैं। फिर उन्होंने फिल्मों में काम किया। रानी मुखर्जी से लेकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी तक के साथ। अब वो बड़ा नाम बन चुकी हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 31.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इन दिनों वह चर्चा में हैं, अपनी नई फिल्म लव इन वियतनाम को लेकर।**

**आपने 8 साल की उम्र में डांस रिएलिटी शो डीआईडी लिटिल मास्टर्स से शुरुआत की। झलक दिखला जा में दर्शील सफारी की कोरियोग्राफर रहीं। फिर ऐक्टिंग की ओर कैसे झुकाव हुआ?**

असल में, मेरे ऐक्टर बनने में डांस का ही हाथ है। मेरी शुरुआत डांस से हुई, पर मैं हमेशा से ही ऐक्टर बनना चाहती थी। मैंने कथक सीखा है, जिसमें काफी भाव भंगिमाएं और अदाएं होती हैं और उसी से मुझमें ऐक्टिंग का कीड़ा जागा, तो कथक ने मुझे ऐक्टिंग की ओर प्रेरित किया।

**अपने फिल्मी करियर में रानी मुखर्जी (मर्दानी), नवाजुद्दीन सिद्दीकी (टीकू वेड्स शेरू), राज बब्बर (लव इन वियतनाम) जैसे दिग्गजों के साथ ने आपको बतौर कलाकारा कितना संवारा?**

निश्चित तौर इन सबसे बहुत सीखा, पर नवाज सर के साथ काम करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा था। मैं दोबारा उनके साथ काम करना चाहूंगी। वह बहुत ही अंडरस्टैंडिंग हैं। टीकू का किरदार करना मेरे लिए आसान नहीं था। मैं सिर्फ 17 साल की थी और बहुत डरी हुई थी, पर नवाज सर ने मुझे स्पेस और टाइम दिया। वरना कभी-कभी सीनियर ऐक्टर टोक देते हैं क्योंकि आप यंग हैं या नए हैं तो नर्वस हो जाते हैं, लाइन भूल जाते हैं, मगर उन्होंने मुझे वो वक्त दिया कि तू कर, जैसे तुझे करना है, मैं तेरे साथ हूं।

**कई एक्ट्रेसेस ने कान्स में अपने लुक और कपड़ों को लेकर दबाव में होने की बात कही है। आपके साथ भी ऐसा कुछ था?**

कोई भी चीज जब आप पहली बार करते हैं तो नर्वसनेस होती ही है। कान्स को लेकर मुझे भी ये टेंशन थी कि मैं क्या पहनूं, क्योंकि मैं अपने फैशन और स्टाइल को बहुत सीरियसली लेती हूं। वह मेरे लिए बहुत इंपॉर्टेंट है। मुझे ज्यादा आत्मविश्वास महसूस होता है, जब मैं एक अच्छा आउटफिट पहनती हूं या अच्छा लुक कैरी करती हूं। हालांकि, कोई टीम नहीं थी, मैंने खुद ही अपना कान्स का लुक स्टाइल किया था।

## ट्रोलिंग को कैसे हैंडल करती हैं?

निश्चित तौर पर बुरा लगता है। आखिर तो हम भी इंसान ही है, लेकिन मैं बहुत वक्त से ये चीजें देख रही हूं, तो अब थोड़ा मैच्योर हो गई हूं। अभी थोड़ा ठहराव आ गया है, तो जब ये चीजें होती हैं तो मैं पॉजिटिव साइड देखने की कोशिश करती हूं। उन लोगों की सोचती हूं, जो इतना लोग प्यार देते हैं। मुझे पता है कि मैंने यहां तक पहुंचने के लिए कितनी मेहनत की है।

## आपके इंस्टाग्राम पर 31.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं, आपने ऐसा क्या सही किया, जिससे लोगों ने रिलेट किया?

मुझे लगता है कि मैंने शुरुआत काफी जल्दी की थी, ये मेरा प्लस पाइंट रहा। यह फैन बेस धीरे धीरे ही बना है। अचानक कुछ नहीं हुआ, तो मेरा मानना है कि चूंकि हमने बहुत पहले ही मेहनत शुरू कर दी थी, इसलिए आज यहां तक पहुंचे हैं। हालांकि, मैं बस मजे के लिए विडियो और पोस्ट करती थी। तब बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि ये इतना बड़ा मंच बन जाएगा और अब टास्क ये है कि आप जिस जगह पहुंच गए हैं, उससे आगे कैसे बढ़ें।

# संग्राम मेरे अच्छे दोस्त हैं, अफेयर की खबरें गलत



हाल ही में कुश्ती से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले संग्राम सिंह और अभिनेत्री पायल रोहतगी की शादी को लेकर कई तरह की बातें चल रही हैं। खबरें आ रही हैं कि संग्राम सिंह का अभिनेत्री निकिता रावल के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर चल रहा है, जिससे चर्चा बढ़ गई है। लेकिन जब निकिता रावल से इस बारे में बात की तो उन्होंने इन खबरों को पूरी तरह से नकार दिया। बातचीत में निकिता ने साफ कहा, संग्राम मेरे अच्छे दोस्त हैं और ये गलत खबरें पहले ही उनके निजी जीवन में बहुत गड़बड़ कर चुकी हैं। मैं इन अफवाहों से बहुत परेशान हूं। लेकिन मैं इस बारे में आगे बात नहीं करना चाहती क्योंकि यह एक निजी मामला है।

# युजवेंद्र चहल को धोखा देने के आरोपों पर बोलीं धनश्री

भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स वाइफ धनश्री वर्मा इस समय रियलटी शो राइज एंड फॉल को लेकर चर्चा में हैं। हालिया एपिसोड में धनश्री ने युजवेंद्र चहल के साथ अपने रिश्ते पर बात की। धनश्री ने कहा कि उन्हें नीचा दिखाने के लिए युजवेंद्र ने निगेटिव पीआर कराया था। क्योंकि उन्हें डर था कि मैं कहीं मुंह ना खोल दूं। इससे पहले धनश्री वर्मा कई बार युजवेंद्र चहल के साथ अपने बिगड़ते रिश्ते और तलाक पर बात कर चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि अब प्यार की तलाश नहीं है। अपनी पहली शादी में काफी मुश्किलों का सामना कर चुकी हैं। इसलिए अब दोबारा कभी शादी नहीं करेंगी। राइज एंड फॉल शो के एक एपिसोड में जब अरबाज पटेल ने धनश्री वर्मा से पूछा कि सुनने में आया था कि आपने युजवेंद्र चहल को धोखा दिया था? इस सवाल पर धनश्री कहती हैं- उन्हें डर था कि कहीं मेरे मुंह से कुछ न निकल जाए, इसलिए मेरे खिलाफ निगेटिव पीआर किया गया। यह केवल अफवाहें और फालतू बातें हैं। मैं धीरे-धीरे सभी बातें स्पष्ट करूंगी। बता दें धनश्री और युजवेंद्र चहल की मुलाकात कोरोना महामारी के दौरान हुई थी। दिसंबर 2020 में दोनों ने शादी की। हालांकि शादी के बाद दोनों के बीच मतभेद बढ़ते गए और 2022 से अलग रहने लगे। फरवरी 2025 में कपल ने आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका दायर की और मार्च में उनका रिश्ता आधिकारिक रूप से खत्म हो गया।





# अमाल मलिक पर भड़कीं गौहर खान

## कुनिका का किया जिक्र

पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 19 के घर में आए दिन किसी ना किसी प्रतियोगियों के बीच झड़प और कहासुनी होती रहती है। हाल ही में शो में दिखा कि अमाल मलिक और कुनिका सदानंद के बीच गहमागहमी हो गई थी। इसी मामले पर बिग बॉस 7 की विजेता और अभिनेत्री गौहर खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अमाल पर हमला बोला है।

### थोड़ा तो ख्याल करो

गौहर खान ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया। इसमें उन्होंने लिखा, 'हां, वो बहुत नखरेबाज, अपने फैसलों को लेकर चिड़चिड़ी हैं। लेकिन मुझे बहुत बुरा लगता है कि ज्यादातर लोग कुनिका जी से कैसे बात करते हैं। वो 61 साल की हैं यार, थोड़ा तो ख्याल रखो टोन का। बिग बॉस 19 में अमाल जिम्मेदारी नहीं संभाल सकते। अधिकार का पद जिम्मेदारी के साथ आता है।'

### बिग बॉस 7 की विजेता रही हैं गौहर खान

आपको बताते चलें कि गौहर खान का बिग बॉस से जुड़ाव काफी पुराना है। अभिनेत्री बिग बॉस 7 की विजेता थीं। इसीलिए अक्सर उन्हें बिग बॉस को लेकर टिप्पणी करते देखा जाता है।

### किस बात पर भिड़े थे अमाल-कुनिका?



इस समय बिग बॉस 19 में अमाल मलिक कैप्टन हैं। पिछले एपिसोड में अमाल और कुनिका सदानंद के बीच किचन के कामों को लेकर बहस हो गई थी। अमाल ने कुनिका को एक तरफ हट जाने और दूसरों को किचन संभालने देने को कहा, जिसके बाद दोनों के बीच बहस छिड़ गई। बाद में साथी प्रतियोगियों तान्या और नीलम ने कहा कि कुनिका अक्सर किसी के बीच में शामिल हो जाती हैं।



# मैं नई चीजें आजमाता रहता हूं

# इस बार पैसे भी कमाऊंगा



फिल्ममेकर अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'निशानची' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 'निशानची' के जरिए अनुराग एक बार फिर गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी एक एक्शन से भरपूर फैमिली ड्रामा लेकर आ रहे हैं, जिसमें जबरदस्त गैंगवॉर देखने को मिलेगी। अब अनुराग ने फिल्म में नए चेहरों को लेने, फिल्म की कास्टिंग और बॉक्स ऑफिस पर सफलता के उनके लिए मायने को लेकर बात की।

## इस बार मैं पैसे कमाऊंगा

बातचीत के दौरान अनुराग कश्यप से जावेद अख्तर द्वारा उनकी फिल्म 'मुक्काबाज' को लेकर की गई टिप्पणी पर सवाल किया गया। दरअसल, जावेद अख्तर ने अनुराग से पूछा था कि उन्होंने ऐसी फिल्म क्यों बनाई जिसका अंत कोई कमाई नहीं करेगा। अब इस टिप्पणी को लेकर अनुराग ने निशानची के बारे में कहा कि इस बार अंत ऐसा होगा जावेद साहब कि मैं पैसे कमाऊंगा।

## मैं सिर्फ प्रतिभा देखता हूं

अपनी फिल्म में नए कलाकारों को कास्ट करने के बारे में अनुराग ने कहा कि मैं सिर्फ प्रतिभा देखता हूं। क्या मैं उनमें किरदार देख सकता हूं, वे कितनी मेहनत कर रहे हैं और फिल्म के लिए कितना समय दे रहे हैं? बात सिर्फ इतनी नहीं है कि मैं किसी को मौका दे रहा हूं। मुख्य किरदार ढूंढ रहा हूं। अगर मैं 'निशानची' बना रहा हूं, तो मैं बबलू और डबलू को ढूंढ रहा हूं, मैं रिंकू को ढूंढ रहा हूं, मैं उनकी मां को ढूंढ रहा हूं। मैं अपने किरदारों को ढूंढ रहा हूं। मुझे यह उनमें मिला। मैंने उनके परिवारों से बात की और उनसे कहा कि मुझे इसे बनाने के लिए समय चाहिए होगा।

## ऐश्वर्य ने काफी मेहनत की



ऐश्वर्य ठाकरे की तैयारी के बारे में अनुराग ने बताया कि ऐश्वर्य मुंबई से आते हैं, लेकिन उन्हें कनपुरिया बनना था। इसके लिए ऐश्वर्य ने कड़ी मेहनत की है। उन्होंने मुझे चार साल दिए और फिर हमने फिल्म शुरू की। फिल्म मेकिंग को लेकर अनुराग ने कहा कि अगर आप सिर्फ अपने ही मसाले के साथ काम करते हैं, तो आप अप्रासंगिक हो सकते हैं। मैं भी दूसरों से सीखता हूं। मैं नई चीजें आजमाता रहता हूं और मैं अटकना नहीं चाहता। मैं फॉर्मूले और ऐसे लोगों से दूर रहता हूं जो मुझे नीचे गिराते हैं। 'निशानची' एक गैंगस्टर हार्टलैंड ड्रामा है। इसमें ऐश्वर्या ठाकरे जुड़वां भाइयों बबलू और डबलू की दोहरी भूमिका में हैं। इसके अलावा फिल्म में वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिका में हैं।



# बरेली पुलिस ने रू2.5 लाख की अफीम के साथ तीन ड्रग तस्करों को किया गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग



**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)** । शुक्रवार की रात बरेली पुलिस ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 235 ग्राम अवैध अफीम बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत रू2.5 लाख है। उनके पास से एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। यह गिरफ्तारी भमोरा थाना पुलिस की एक टीम द्वारा विशारतगंज रोड पर की गई, जिसका नेतृत्व सब-इंस्पेक्टर हरीश चंद्र शर्मा कर रहे थे। तीनों आरोपी, जिनकी पहचान केंद्रपाल, सुरेश और मोहम्मद हसन के रूप में हुई है, को रामपुर मोड़ के पास से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे फतेहगंज पश्चिमी इलाके में एक अनजान व्यक्ति से अफीम खरीदते थे और ज्यादा मुनाफे के लिए उसे ऊंचे दामों पर बेच देते थे। भमोरा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है (एफआईआर संख्या 449/25) गिरफ्तार किए गए आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। यह सफल कार्रवाई बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में अपराधों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सनी चौधरी थाना भमोरा उप.नि. नरेन्द्र सिंह राघव थाना भमोरा, उप.नि. हरिश्चन्द्र शर्मा थाना भमोरा, उप.नि. नरेश शर्मा थाना ममोरा ,उप.नि. केशव कुमार थाना भमोरा , हे.का. 360 सत्यप्रकाश थाना भोमरा, का. 2894 उन्नत पवार थाना भमोरा मौजूद थे।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल पर कार पर हुआ जानलेवा हमला

## 15 से 20 सेकंड में हमला कर फरार हुए हमलावर घटना का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

द डेस्प्रिंग



**बून्दी / फ़रीद खान ।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के लंका गेट इलाके में स्थित होटल गणगौर के बाहर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल पर एक कार में सवार होकर आए अज्ञात तीन से चार हमलावरों ने स्टीक से हमला कर उन्हें गंभीर घायल कर दिया। अग्रवाल का पैर फैक्चर हुआ है और हाथों में चोट आई है। जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, पूर्व जिलाध्यक्ष अग्रवाल पर हमले की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियो की भीड़ जमा हो गई। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, डीएसपी अरुण मिश्रा, सिटी कोतवाली थाना अधिकारी भंवर सिंह मय जाप्ते के जिला अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक और डीएसपी अरुण मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की बारीकी से जानकारी लेकर टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक अशोक डोगरा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, सभापति सरोज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें अग्रवाल होटल गणगोर में आयोजित पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे होटल के सामने उन्होंने अपनी बाइक पार्क की और वह टॉयलेट करने चले गए। इसी दरमियान उनका पीछा करते हुए कोटा नंबर की एक क्रेटा कार आई उसमें से तीन लोग उतरे, जिनके हाथों में स्टिक थी उन्होंने आते ही उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया और महज 20 सेकंड में हमला कर कार लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि हमलावरो ने मुंह पर कपडा बांधा हुआ था। हमलावरो ने अग्रवाल के सिर पर हमला करने का प्रयास किया लेकिन बचाव उन्होने सर पर हाथ लगा लिया जिससे हाथो पर चोटे आई है। संभावना जताई जा रही है कि हमलावर अग्रवाल का पीछा करते हुए आए थे और हमला कर वह चित्तौड़ रोड चोराहे की ओर चले गए, इससे अंदेशा है कि हमलावर पहले से ही पूर्व जिलाध्यक्ष अग्रवाल की रेकी कर रहे थे और किसी योजना के तहत उन्होंने उन पर जानलेवा हमला किया है। सुरेश अग्रवाल का फिलहाल जिला अस्पताल में उपचार जारी है। इधर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश व पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, टीमों का गठन कर लिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अभी घटना हुई है घटना स्थल का जायजा लेकर जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# निर्दोषों पर ज़ुल्म करने वालों पर सरकार जल्द करें कार्रवाई : घुमरिया

## समरावता मामले में पीड़ितों ने लगाई न्याय की गुहार, दिया ज्ञापन

द डेस्प्रिंग




**जयपुर।** देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के समरावता मामले को लेकर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को ज्ञापन देकर पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिए जाने का आग्रह किया है। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष केसी घुमरिया के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया कि टोंक जिले के समरावता में गत वर्ष 13 नवम्बर को उपचुनाव के दिन मतदान समाप्त होने के बाद पुलिस और प्रशासन द्वारा किए गए अमानवीय अत्याचार और संवेदनहीन कृत्यों की संपूर्ण रिपोर्ट के साथ ज्ञापन मुख्यमंत्री व केंद्र सरकार को भी देकर तथ्यों के साथ विस्तार से बताया गया, किंतु आज दिन तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। घुमरिया ने बताया कि प्रकरण की शिकायत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग दिल्ली, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग दिल्ली और चैयरमेन पार्लियामेन्ट्री कमेटी व वैलफेयर एससीएसटी को दर्ज करवाई थी। इसमें सम्पूर्ण सर्व समाज के विभिन्न कार्यकर्ता और कई सामाजिक संगठनों का समर्थन हमारे साथ है। समरावता गांव में घटनास्थल का दौरा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग और मानवाधिकार आयोग का हो चुका है। आयोग ने प्रकरण की जांच करके इस वर्ष 2 अप्रैल को अपनी जांच रिपोर्ट राजस्थान सरकार और केन्द्र सरकार का सौंप दी थी। साथ ही एक महिने में पालना रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन दुख की बात है कि समरावता गांव के भोले-भाले आदिवासियों पर जिनमें वृद्धजन और बच्चियां शामिल है, संवेदनहीन रवैया अपनाया और ज्यादतियां करने वाले पुलिसकर्मी व प्रशासन के खिलाफ कोई कार्रवाई नई की गई। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी केसी घुमरिया ने समरावता मामले में शीघ्र उचित कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिए जाने की मांग की है।

# राजस्व रिकॉर्ड में दत्तक पुत्र का हुआ दर्ज नाम

द डेस्प्रिंग



**चित्तौड़गढ़ / गौरव कुमार मेडतवाल ।** निम्बाहेड़ा उपखण्ड की ऊंखलिया ग्राम पंचायत में शनिवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ग्रामवासी देवीलाल, दत्तक पुत्र हेमराज धाकड़, निवासी ऊंखलिया ने उपस्थित होकर अपनी समस्या शिविर प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत की।

देवीलाल के प्राकृतिक पिता का नाम शंकरलाल राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज था, जबकि उनके सभी शैक्षणिक, बैंक, अफीम पट्टा और सरकारी योजनाओं के दस्तावेजों में हेमराज का नाम अंकित था। इस भिन्नता के कारण उन्हें लंबे समय से योजनाओं का लाभ लेने और बैंक संबंधी कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली निम्बाहेड़ा ने तत्काल तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। निर्देशानुसार तहसीलदार घनश्याम जरवार एवं पटवारी द्वारा मौके पर ही प्रकरण तैयार किया गया तथा आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद देवीलाल के पिता का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दुरुस्त कर दिया गया। इस त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही से देवीलाल की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया। उन्होंने राहत की अनुभूति व्यक्त करते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान पूर्व विधायक अशोक नवलखा, प्रधान पंचायत समिति निम्बाहेड़ा बगदीराम धाकड़, उपप्रधान अशोक जाट, उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली, विकास अधिकारी पंचायत समिति लक्ष्मणलाल खटीक, ग्राम पंचायत सरपंच सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राजापार्क में गीतांजलि हॉस्पिटल और रोबा यूनानी ओल्ड बॉयज़ वेलफेयर सोसाइटी की संयुक्त कार्यशाला आयोजित

## 150 से अधिक डॉक्टरों ने लिया हिस्सा, विशेषज्ञों ने दिए हेल्थ से जुड़े महत्वपूर्ण लैक्चर

द डेस्प्रिंग



**जयपुर।** निजी होटल, राजापार्क में गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल जयपुर और रोबा यूनानी ओल्ड बॉयज़ वेलफेयर सोसाइटी की ओर से एकदिवसीय चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जयपुर सहित आसपास के इलाकों से 150 से अधिक डॉक्टर्स ने भाग लिया। गीतांजलि हॉस्पिटल की ओर से डॉ. कुलभूषण हल्देनिया (सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट), डॉ. आकाश माथुर (फिजिशियन गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट) और डॉ. अर्पित शर्मा (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने हेल्थ से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान दिए।हॉस्पिटल की मार्केटिंग मैनेजर दीना गोस्वामी ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।रोबा सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. फरहत चौधरी ने सभी चिकित्सा पद्धतियों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गीतांजलि हॉस्पिटल जैसी संस्थाएं रोगियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. मकबूल अहमद (उपाध्यक्ष, रोबा) ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने गीतांजलि हॉस्पिटल के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आफताब नकवी (संरक्षक, रोबा) ने किया। उन्होंने कम लागत में गुणवत्तापूर्ण इलाज और रोगी केंद्रित सेवाओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से की शिविरों की प्रगति की समीक्षा

# आमजन के योजनाओं के लाभ से वंचित रहने पर होगी जिम्मेदारी तय- जिला कलक्टर

द डेस्प्रिंग



**भरतपुर ।** जिला कलक्टर कमर चैधरी ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों को सभी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए आमजन को मौके पर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। किसी भी विभाग के द्वारा लापरवाही बरती जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिला कलक्टर वीसी के माध्यम से जिले में शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधिकारी शिविर में जाते समय संबंधित वार्ड या ग्राम पंचायत के विभागीय योजनाओं के पात्र नागरिकों का डाटा तैयार करें। आवश्यक दस्तावेजों की शिविर में ही पूर्ति करवा कर मौके पर लाभान्वित करें। उन्होंने सभी विभागों को शिविर में आए नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने एवं सरकार की मंशा से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों के बाद किसी भी विभाग से संबन्धित कोई व्यक्ति लाभान्वित होने से शेष रह जाता है उसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। कलक्टर ने शिविर प्रभारी को निर्देश दिए की शिविर प्रारंभ होते समय सभी विभागों से वार्ड एवं ग्राम पंचायत में लाभान्वितों के बारे में जानकारी लें तथा शिविर सम्पन्न के बाद किए गए कार्यों के बारे में फीडबैक भी लें। उन्होंने ग्राम पंचायतों में विद्यालयों भवनों का निरीक्षण करने, मिड-डे-मील का स्टॉक देखने, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषाहार का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी समस्याओं को मौके पर जाकर भी देखें एवं त्वरित समाधान करें। उन्होंने आवासीय पट्टे दिए जाने में शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महिला बाल विकास विभाग से उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में सभी पात्र महिलाओं का चयन करने, प्रसूता महिलाओं का पंजीयन कर टीकाकरण एवं पोषण की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को पात्र जनों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग गिवअप अभियान का शिविर में समीक्षा कर आमजन में जानकारी लेकर अपात्र लोगों को स्वेच्छा से हटने के लिए प्रेरित कर पात्र लोगों को जोड़ने की प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों का आधार में फिंगरप्रिंट नहीं आ रहा हो मौके पर ईमित्र से सत्यापन कर शिविर प्रभारी के माध्यम से फिंगरप्रिंट में छूट का प्रस्ताव तैयार करें जिससे पात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा से वंचित नहीं रहे। उन्होंने गांव में विद्युत संबंधी समस्याओं का मौके पर निराकरण करने, रास्तों में जमा कीचड, पानी भराव की समस्या का ग्राम पंचायत के माध्यम से उचित समाधान करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि एक दूसरे विभागों से संबंधित प्रकरणों में संवाद रखते हुए मौके पर आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करें जिससे किसी भी पात्र व्यक्ति को अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्होंने राजस्व विभाग को नामांकन दाखिल करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पात्र किसानों का सत्यापन करने, फसल बीमा योजना की जानकारी देने, राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की जन्म मृत्यु पंजीयन राजस्व रिकॉर्ड में संशोधन जैसे कार्य जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र मौके पर जारी किए जाएं। जिला कलक्टर ने शहरी अभियानों में सभी नगर पालिकाओं को स्वप्रेरित होकर आवासीय पट्टों के लिए कच्ची बस्तियों का सर्वे पूरा करने, 69 ए के पट्टों के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग शिविर में जाते समय लक्ष्य करें एवं नियत समय पर उपस्थित होकर सभी कार्यों का शत-प्रतिशत निराकरण करें। उन्होंने नल-बिजली, भवन निर्माण जैसे कार्यों के लिए एनओसी के प्रकरणों में भी त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुलसिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, प्रशिक्षु आईएएस भानू शर्मा, आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी, उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी एवं नगर पालिका ईओ उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने उर्वरक वितरण एवं स्टॉक जांच के लिए गठीत की टीम

## जिले में उपलब्धता एवं दुकानवार स्टॉक की सूचना रोजाना प्रशासन के सोशल मीडिया एकाउंट पर होगी सार्वजनिक

### अन्य प्रदेशों में भेजने, स्टॉक छुपाने या अधिक दर लेने वालों के लाइसेंस होगे निलम्बित

द डेस्प्रिंग




**भरतपुर ।** जिला कलक्टर कमर चैधरी ने जिले में रबी सीजन में किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता के लिए कृषि, सहकारिता, नागरिक आपूर्ति एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक लेकर पारदर्शिता के साथ डीएपी एवं उर्वरकों की वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में डीएपी की उपलब्धता के अनुसार निजी विक्रेता एवं क्रय विक्रय सहकारी समितियां के माध्यम से पारदर्शिता से वितरण हो। जिस दिन जितना स्टॉक उपलब्ध है उसका निर्धारित दरों के अनुसार वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को परेशान नहीं होना पडे इसके लिए कृषि, रसद एवं राजस्व विभाग की टीम अपने-अपने क्षेत्र में सक्रियता से दुकानों का निरीक्षण करें। उन्होंने प्रतिदिन जिले में उपलब्ध स्टॉक या दुकानों पर उपलब्धता को मीडिया, जिला प्रशासन के सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, एक्स एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान को पोस मशीन से आधारकार्ड के अनुसार पांच कट्टे दिए जाएं, जिले में खाद की कमी नहीं है, अनावश्यक शॉर्ट नहीं रखा जाए। संयुक्त निदेशक कृषि सुरेश चंद गुप्ता ने बताया कि जिले में 2 लाख 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सरसों की बुवाई होगी जिसके लिए 29 हजार मेट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता रहेगी जिसमें से जिले में अब तक 21 हजार मेट्रिक टन फर्टिलाइजर प्राप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि अनियमितता पाये जाने पर विक्रेता का लाइसेंस निलम्बित किया जायेगा। इसके लिए नियमित टीम क्षेत्र में जांच करेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, प्रशिक्षु आईएएस भानू शर्मा, जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल जिले से सभी उपखंड अधिकारी, कृषि, उद्यानिकी, राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संभागीय आयुक्त ने ग्रामीण सेवा शिविर उंदरा गांव में वितरित किये आवासीय पट्टे

द डेस्प्रिंग




**भरतपुर ।** संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने शनिवार को सेवर पंचायत समिति के ग्रांम उंदरा में आयोजित सेवा शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय स्तर पर अधिकाधिक कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने शिवर में सभी विभागो द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा प्रगति की जानकारी लेकर शिविर सम्पन्न होने तक सभी पात्रजनों को चिन्हित कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिविर में आमजन को योजनाओं की जानकारी सभी विभागों के अधिकारी दे तथा आवेदनों को तैयार करायें। उन्होंने ग्राम पंचायत क्षेत्र के सभी योजनाओं के पात्र नागरिकों कही ई-केवाईसी पूरी करने, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के पात्र नागरिकों को मिल रहे लाभ का सत्यापन करने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने शिविर में पंचायतीराज विभाग द्वारा जारी स्वामित्व योजना के आवासीय पट्टों का वितरण किया, बीमा योजना की पॉलिसियों, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे। उन्होंने आमजन से रूबरू होकर विभागीय योजनाओं के लाभ की जानकारी लेकर पात्र व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राजीव शर्मा, पंचायत समिति के विकास अधिकारी विनय मित्र सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर सहित संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अग्र चेतना बाइक रैली के संदर्भ में युवा महासभा की प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

द डेस्प्रिंग




**भरतपुर ।** अग्रवाल युवा महासभा द्वारा कल, 21 सितम्बर को आयोजित होने वाली अग्र चेतना बाइक रैली के संदर्भ में आज महासभा कार्यालय, नई मंडी पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर मीडिया जगत से जुड़े सभी साथी उपस्थित रहे। अध्यक्षता युवा समाज महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने की। इस दौरान जिला अध्यक्ष अतुल मित्तल, संरक्षक गिरधारी गुप्ता, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंघल, रैली संयोजक यश अग्रवाल, डॉ. नरेंद्र अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल ,योगेश बागपतिया, मुकुल गोयल,राहुल बंसल, कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल, जिला कोषाध्यक्ष नवरत्न गर्ग, उपाध्यक्ष पुनीत गोयल, मिलन अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान बाइक रैली का पोस्टर विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंघल ने कहा कि अग्र चेतना बाइक रैली महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष निकाली जाती है। इसका उद्देश्य समाज से कुरीतियों को दूर करने और सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता लाना है। जिला अध्यक्ष अतुल मित्तल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अग्रवाल समाज सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। संरक्षक गिरधारी गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने 36 जातियों को साथ लेकर समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया था। रैली संयोजक यश अग्रवाल ने बताया कि यह रैली समाजिक जनचेतना का प्रतीक है और इस बार यह और भी भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित होगी। अंत में ओमप्रकाश सिंघल ने सभी भरतपुरवासी अग्र बंधुओं एवं अग्र महिलाओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रैली में शामिल होकर इसे भव्य सफलता प्रदान करें।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447